प्रिय झारखण्डवासियों,

आपके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए हम आभारी हैं। आपके भरोसे पर खरा उतरने का निरंतर प्रयास पूर्व की भांति जारी रहेगा। हम पुन: एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं, एक ऐसा युग जहाँ विकास और समावेशिता साथ साथ चलेंगे।

**श्री हेमंत सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

PR No. - 328711(IPRD)

## जैकेट के शेष

### मुंबई में नीला-....

खिलाड़ी एयरपोर्ट से बाहर निकले, सेल्फी लेने के लिए फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी। मुंबई एयरपोर्ट पर भारतीय क्रिकेट टीम को वाटर सैल्यूट दिया गया। टीम इंडिया के आगमन की प्रतीक्षा में मरीन ड्राइव पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय टीम को 125 करोड़ रुपए देकर सम्मानित किया गया।

**सुखविंदर के गानों पर झूमे फैंस** : विक्ट्री परेड के बाद टीम इंडिया का वानखेड़े स्टेडियम में स्वागत किया गया। भारत के मशहूर सिंगर सुखविंदर सिंह ने वानखेड़े स्टेडियम में मौजूद दर्शकों का मनोरंजन किया।

**दिल्ली में भव्य स्वागत** : टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को विशेष विमान से स्वदेश लौट आई। लगातार बूंदाबांदी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे सैकड़ों प्रशंसक मौसम की परवाह किए बिना विभिन्न नारे लिखे बैनर और राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### शार्टेज हैरान करने ....

लाख मीटरिक टन धान मिलर्स द्वारा उठाव कर लिया गया है तथा 2.48 लाख मीटरिक टन धान विपणन संघ के संग्रहण केन्द्रों में भेजा गया है। वर्तमान में उपार्जन केन्द्रों में 0.52 लाख मीटरिक टन धान शेष है। साथ ही विपणन संघ एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के मध्य लेखा मिलान का कार्य पूरा होने के बाद यह स्पष्ट होगा कि कितना धान कम पाया गया है। उसके हिसाब से सूखत का 2 प्रतिशत से ज्यादा धान की कमी मिलने पर समितियों से वसूली की जाएगी। प्रदेश में अब तक लेखा मिलान का कार्य केवल रायपुर जिले में ही पूरा हो पाया है।

**23 जिलों के समितियों में 51663 क्विंटल धान शेष** : 4 फरवरी को प्रदेश में धान खरीदी बंद हो चुकी थी। 6 माह बीतने के बाद भी समितियों में 51663 क्विंटल धान शेष है। जिन जिलों में अभी धान शेष बताया जा रहा है, उनमें महासमुंद, बलौदाबाजार, गरियाबंद, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-चौकी, खैरागढ़-गंडई-छुईखदान, कवर्धा, रायगढ़, सारंगढ़, जशपुर, बस्तर, कांकेर, बीजापुर, कोंडागांव, सुकमा, बिलासपुर, सक्ती, मुंगेली, सरगुजा, बलरामपुर और कोरिया जिलों के समितियों में धान का उठाव शेष है।

**1 करोड़ रुपए से अधिक का धान गायब** : गरियाबंद जिले के 8 धान खरीदी केंद्रों से 3 हजार 6 सौ से अधिक क्विंटल धान का शार्टेज पाया गया है। इन समितियों में फिंगेश्वर, कोपरा, बेलर, कौन्दकेरा, चरोदा, परसदाकला, पोल्कर्रा, बिनोरीभाठा के प्रबंधकों को नोटिस जारी किया गया है। शार्टेज धान की कीमत करीब 1 करोड़ से भी अधिक बताया जा रहा है। जिले के दर्जनभर से अधिक धान खरीदी केंद्रों से 8 हजार 368 क्विंटल धान जमा होना शेष है। जिसकी कीमत 2 करोड़ 66 लाख के आसपास बताई जा रही है। जिसमें से फिंगेश्वर और छुरा ब्लाक के 8 धान केंद्रों भी शामिल है।

**समिति प्रबंधकों ने ली हाई कोर्ट की शरण** : वहीं गरियाबंद जिले के 8 धान खरीदी केंद्रों में करोड़ों के करीब 36 सौ क्विंटल धान गायब होने के मामले में अब समिति प्रबंधकों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया कर शॉर्टेज के लिए विपणन संघ को जिम्मेदार ठहराया है। इधर, सहायक आयुक्त ने भरपाई के लिए प्रबंधकों नोटिस जारी किया है, लेकिन प्रबंधकों का कहना है कि सहकारी समितियां केवल खरीदी का माध्यम है। जो तय कमीशन पर धान खरीदी करती हैं। त्रिपक्षीय अनुबंध के मुताबिक धान का 72 घंटे के भीतर उठाव करवाना विपणन संघ का काम है। समय पर डीओ जारी नहीं किया, शॉर्टेज के लिए विपणन संघ जिम्मेदार है। अनुबंध और लापरवाही को आधार बनाकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

**दुर्ग के उपार्जन केन्द्रों में जीरो शार्टेज** : दुर्ग जिले के 87 समितियों के 102 उपार्जन केन्द्रों से मिलरों ने धान का उठाव कर लिया है। धान का उठाव किए जाने के बाद सूखत की रिपोर्ट भी जीरो है। अप्रैल माह में धान का उठाव किए जाने के बाद मिलरों ने अन्य जिले से धान का उठाव शुरू किया था। खाद्य नियंत्रक सीपी दीपांकर ने बताया कि, दुर्ग जिले में सूखत की रिपोर्ट जीरो मिली है।

**लेखा मिलान के बाद होगी कार्रवाई** : धान की कमी पाए जाने पर समितियों को नोटिस जारी किया गया है। जहां-जहां स्वेच्छा से भरपाई कर सकते हैं, वहां करेंगे। अगर भरपाई नहीं होती है और अगर लेखा मिलान में सूखत की श्रेणी में आता है, तो जैसा हेड क्वार्टर से निर्देश मिलेगा उस आधार पर कार्यवाही की जावेगी।
उषा ध्रुव, सहायक आयुक्त सहायक पंजीयक गरियाबंद

### यहां, इतना धान गायब.....

-बलरामपुर जिले में अभी भी 1228 क्विंटल धान का उठाव शेष है। यहां पर समिति प्रबंधक सहित 12 लोगों को इसके लिए दोषी माना गया है।

### रेलवे ने एक बार फिर ....

कारण 11 से 17 जुलाई तक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो रहा है। इधर खेती-किसानी और ग्रीष्म कालीन छुट्टियां खत्म होते ही एक ओर पलायन कर चुके मजदूर अपने घर वापस लौट रहे हैं तो दूसरी ओर स्कूल-कॉलेज खुलने से विद्यार्थी बड़े शहरों की ओर जा रहे हैं। ऐसे में सभी ट्रेनें फुल हैं। इसमें कई ट्रेनों में वेटिंग 300 के पार तक पहुंच गई है। ऐसे में अब 32 ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### रद्द होने वाली ....

15 जुलाई को 18252 कोरबा- रायपुर, हसदेव एक्सप्रेस

### 'हेमंत रिटर्न', तीसरी ....

शपथ दिलाई। हेमंत सोरेन के पिता और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, उनकी मां रूपी सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई वाले गठबंधन के वरिष्ठ नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री पद छोड़ना ....

के साथ खेतों में हल चलाने वाले चंपई सोरेन राजनीति में एक लंबा सफर तय कर दो फरवरी को राज्य के मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे थे। इससे पहले उनके पूर्ववर्ती हेमंत सोरेन ने धनशोधन मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के कुछ ही देर पहले मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। हेमंत को उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद 28 जून को जेल से रिहा कर दिया गया था और बुधवार को उन्हें पार्टी के विधायक दल का नेता चुना गया।

### एसीबी को बड़ी ....

नहीं दिया था, एक तरह से इस मामले में सामग्री की जब्ती नहीं हुई थी, इस लिहाज से इसे बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। दरअसल, एसीबी के अफसरों को ढेबर परिवार के धमेली स्थित खेत में मुखबीर से सूचना मिली थी कि घोटाले से संबंधित सामग्री वहां जलाई और दफनाई जा रही है। इसी आधार पर अफसरों ने योजनाबद्ध ढंग से घेराबंदी की और मौके पर पहुंचकर अधजले नकली होलोग्राम जब्त किए। पांच पेटियों में राख और अधजले होलोग्राम को जमीन में दफना दिया गया था। अफसरों ने जेसीबी की मदद से खुदाई की और पांचों पेटियों को बाहर निकाला। एसीबी ने सबूत मिटाने के आरोप में जेल में बंद अरविंद सिंह के भतीजे सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

एसीबी चीफ श्री मिश्रा के मुताबिक नकली होलोग्राम के साथ पूर्व में शराब आपूर्ति करने वाले अनुराग द्विवेदी के साथ अरविंद सिंह का भतीजा अमित सिंह तथा मैन पावर उपलब्ध कराने वाले दीपक दुआरी को गिरफ्तार किया गया है। जिस खेत में नकली होलोग्राम जब्त किए गए है, वह महापौर एजाज ढेबर तथा अनवर ढेबर के पिता जहिर हाजी अहमद के नाम पर होना बताया जा रहा है।

### जुबान के धनी निकले ...

है, हालांकि उनका इस्तीफा अभी स्वीकार नहीं किया गया है। मीणा ने यह इस्तीफा दौसा लोकसभा सीट पर भाजपा की हुई हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए दिया है। मीणा ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि अगर भाजपा उम्मीदवार दौसा सीट हार गया तो वे मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। हालांकि बाद में उन्होंने घोषणा की थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें सात सीटों की जिम्मेदारी सौंपी है। इन सीटों पर भी अगर भाजपा हारी तो वे मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। चुनाव में भाजपा दौसा के साथ-साथ करौली-धौलपुर,टोंक-सवाई माधोपुर और भरतपुर सीट भी हार गई।

# स्वयं सहायता समूह महिला उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए मिलाया हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

■ केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने समझौता पत्र पर किये हस्ताक्षर

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने महिलाओं के नेतृत्व वाले ग्रामीण उद्यमों को औपचारिक रूप देने और सुदृढ़ करने में सहयोग करने हेतु एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय की संयुक्त सचिव स्वाति शर्मा और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की संयुक्त सचिव मर्सी एपाओ ने नई दिल्ली के कृषि भवन में इस आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव शैलेश कुमार सिंह, केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के सचिव एससीएल दास, एमओआरडी के अतिरिक्त सचिव चरणजीत सिंह, दोनों मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# भारत और चीन एलएसी विवाद के बाकी बचे इलाकों में दोगुने प्रयासों से खत्म करेंगे तनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

■ अस्ताना में एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर हुई भारत और चीन के विदेश मंत्रियों की द्विपक्षीय बैठक में बनी इस मामले पर सहमति

पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बीते करीब चार वर्ष से अधिक समय से जारी विवाद के बीच कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में गुरुवार को भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच एक अहम द्विपक्षीय बैठक हुई। इसमें दोनों ने एलएसी विवाद से जुड़े बाकी बचे हुए इलाकों से सैन्य और कूटनीतिक माध्यमों से दोगुने प्रयासों के जरिए जल्द तनाव खत्म करने पर सहमति जताई है। जिससे आपसी संबंधों को स्थिर और फिर से मजबूती प्रदान की जा सकेगी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि इस बैठक में भारत के विदेश मंत्री ने अपने चीनी समकक्ष से कहा कि एलएसी का सम्मान करना और सीमावर्ती इलाकों में शांति और स्थिरता स्थापित करना जरूरी है।

## पेज एक के शेष

### 3 सिटी, 7 बरस...

सिटी का अध्याय बंद हो जाएगा। इन नौ माह में तकरीबन 700 करोड़ के काम कराए जाने हैं। यह कैसे होगा? अफसर भी नहीं बता पा रहे हैं। यहां यह बताना लाजिमी है कि आपाधापी में कई ऐसे काम भी करा लिए गए हैं, जो धरातल पर नजर ही नहीं आ रहे हैं यानी खजाने का खुला दुरुपयोग किया गया है। रायपुर स्मार्ट सिटी को इन वर्षों में जहां 900 करोड़ की राशि मिली, इसमें से अब तक 740 करोड़ के काम पूरे हुए, जबकि 16 प्रोजेक्ट पर 250 करोड़ के काम को मार्च 2025 तक पूरा करना रायपुर स्मार्ट सिटी के लिए एक चुनौती है। वहीं नया रायपुर के हिस्से में 54 प्रोजेक्ट स्मार्ट सिटी के रूप में आए। इसके लिए 850 करोड़ की राशि मिली। 35 प्रोजेक्ट अब तक पूरे हुए, 19 प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है।

**15 वार्ड में 24 घंटे पानी पहुंचाने का काम अधूरा** : रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने पॉयलट प्रोजेक्ट के एबीडी एरिया के 15 वार्डों में 24 घंटे पानी पहुंचाने का प्रोजेक्ट हाथ में लिया। 5 साल बाद भी इस प्रोजेक्ट का लाभ शहरवासियों को नहीं मिल पाया। मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया बनाकर इन 15 वार्डों में नई पाइप लाइन बिछाने, इंटर कनेक्शन करने और स्वचालित वाटर मीटर लगाने के साथ ही इसकी निगरानी के लिए स्काडा सिस्टम विकसित करने की योजना रही। यह काम अभी भी अधूरा है, बारिश के बाद पाइप लाइन टेस्टिंग का काम पूरा होगा। 158 करोड़ के इस प्रोजेक्ट को मार्च 2025 तक हर हाल में पूरा करना होगा।

**महाराजबंध तालाब में 15 करोड़ का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट** : बूढ़ातालाब और महाराजबंध तालाब में नाले का गंदा पानी को साफ करने 15 करोड़ 77 लाख की लागत से 5 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट प्रोजेक्ट पर काम 5 साल पहले शुरू कराया।अनुबंधित कंपनी के काम की सुस्त रफ्तार के कारण एसटीपी निर्माण का काम पूरा नहीं हो पाया है। सूत्रों के मुताबिक इनलेट स्क्रीनिंग, पीटी यूनिट, ट्रीटमेंट टैंक, पैनल रूम, लैब का काम 45 फीसदी हो पाया है, जबकि स्लग होल्डिंग टैंक, एडमिन ब्लाक, बांउड्रीवाल, गार्डरूम बनाने का काम 80 फीसदी बाकी है।

**पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर काम** : नवा रायपुर में आम जनता की सुविधा के लिए पब्लिक बाइक शेयरिंग सिस्टम और रेपिड बस ट्रांजिट सिस्टम पर काम किया गया है। नया रायपुर अटल नगर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 55 किलोमीटर के दायरे में साइकिल ट्रेक, जीपीएस ट्रेकिंग सिस्टम, ऐप स्मार्ट कार्ड और मोबाइल फोन से भुगतान कर साइकिल किराये पर उपलब्ध कराने के प्रोजेक्ट पर काम किया, लेकिन इसका कितना इस्तेमाल हो रहा है, यह देखा जा सकता है।

**210 करोड़ के दस निर्माण कार्यों का नया ठेका** : नवा रायपुर में रायपुर कंस्ट्रक्शन कंपनी के 210 करोड़ रुपये के निर्माण कार्य का ठेका रद्द होने के बाद नया टेंडर किया गया है। सेंध जलाशय में निर्माण कार्य, सेक्टर 19 में बस पार्किंग, मंत्रालय के चारों ओर उद्यान, सेक्टर 32 की कालोनी में उद्यान सुधार सीबीडी रेलवे स्टेशन के पीछे सड़क व पार्किंग सीवरेज लाइन के साथ रीसाइकिल वाटर प्रोजेक्ट, आंगनबाड़ी भवन, स्कूल भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसमें ग्राम राखी में स्कूल निर्माण गार्डन डेवपलमेंट, सेंध जलाशय के सौंदर्यीकरण व पौधा रोपण का काम होना है।

### 5 करोड़ का म्यूजिक...

बंद पड़ा है। यानी 5 करोड़ पानी में डूब गये। इसी तरह तालाब किनारे लगाई गई महंगी लाइटें भी बंद पड़ी हैं। इस तालाब के सौंदर्यीकरण में दो फेज में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड 29 करोड़ खर्च कर चुका है।

### नवा रायपुर स्मार्ट सिटी...

8 प्रवेश और निकास बिंदु पर स्वचालित नंबर प्लेट पहचान प्रणाली, ओवर स्पीडिंग करने और हॉट लिस्टेड लाइन का पता चलने की स्थिति में वास्तविक समय एलर्ट प्रदान करने का सिस्टम शामिल हैं। इन दोनों प्रणाली को ई चालान प्रणाली के साथ एकीकृत किया गया है। रायपुर स्मार्ट सिटी की तर्ज पर नवा रायपुर में आईटीएमएस सिस्टम से निगरानी की व्यवस्था बनाई गई है।

### 200 करोड़ के काम...

3 साल पीछे रहा। अनुदान के लिए आयोजित प्रतियोगिता के तीसरे चरण में बिलासपुर का चयन हुआ। निर्माण कार्यों के लिए उचित कंपनियों के सामने नहीं आने के कारण प्रबंधन को कई प्रोजेक्ट लोकल ठेकेदारों को देने की नौबत रही, नतीजतन हर काम लेट होते जा रहे हैं।

**एसटीपी, स्मार्ट सड़क और सौंदर्यीकरण बाकी** : स्मार्ट सिटी के आखिरी चरण में आम लोगों की सुविधा से जुड़े 200 करोड़ से अधिक के कार्य ठेकेदारों की लेटलतीफी से अधूरे हैं।

यह है कार्यों की स्थिति

**26 करोड़ का कन्वेंशनल सेंटर** : कोनी में 26 करोड़ की लागत से कन्वेंशनल सेंटर के निर्माण का कार्य रायपुर कंस्ट्रक्शन कंपनी को 30 जून तक करना था, लेकिन 50 फीसदी काम बाकी है। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के अनुसार समय पर काम नहीं करने पर ठेका निरस्त करने नोटिस दिया गया है। वहीं, 16 दुकान, 16 कार्यालय और हाल के किराए का लगातार नुकसान हो रहा है।

**दो मल्टीलेवल पार्किंग अधर में** : कोतवाली थाना परिसर में मल्टी-लेवल कार पार्किंग सह व्यवसायिक कांप्लेक्स के निर्माण के लिए जेपी कंस्ट्रक्शन कंपनी को 28.74 करोड़ का ठेका दिया गया। ग्राउंड फ्लोर पर 46 दुकानों का निर्माण कर उसके विक्रय से अर्जित 18 करोड़ से पुलिस क्वार्टर और थाने का नवीनीकरण किया जाना है लेकिन कार्य अधूरा है और प्रक्रियात्मक चूक के चलते दुकान के विक्रय का मामला ही अधर में अटक गया है। इसी के साथ पुराने बस स्टैंड में आटोमेटेड शटल टाइप मल्टीलेवल पार्किंग का काम दो साल में प्लींथ लेवल से ऊपर नहीं पहुंच सका है।

**28.56 करोड़ के 3 प्रोजेक्ट लगभग पूरे** : हालांकि बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने तीन बड़े प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। शहर के पुराने और प्रतिष्ठित शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक मल्टीपरपज स्कूल मैदान को मिनी स्टेडियम और ट्रेनिंग हॉल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी तरह संजय तरण पुष्कर परिसर में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बनाया जा रहा है। गर्ल्स कालेज में पिंक स्टेडियम की सौगात मिल चुकी है। जाहिर है जल्द ही 28.56 करोड़ के 3 प्रोजेक्ट्स का फायदा खिलाड़ी उठा सकेंगे। खिलाड़ियों को सर्व सुविधायुक्त मैदान, ट्रेनिंग हॉल और प्रैक्टिस के लिए जगह मिलेगी।

### 'चरण-रज' के लिए...

गिरफ्तारी होगी या नहीं, यह विवेचना पर निर्भर करेगा। जांच में आगे किसी की भूमिका निकलकर आयेगी तो कार्रवाई होगी। जरूरत पड़ेगी तो जरूर पूछताछ की जाएगी। उन्होंने बताया कि पकड़े गए लोगों में राम नरेश, उपेन्द्र सिंह यादव, नेक सिंह, मंजू यादव, मुकेश कुमार और मंजू देवी शामिल हैं। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि वे सभी सत्संग आयोजन समिति के सदस्य हैं। वे मुख्यतः सेवादार के रूप में काम करते हैं और अतीत में भी वह ऐसे कई आयोजन करा चुके हैं। वे बैरीकेडिंग करके भीड़ नियंत्रण, पंडाल व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और सफाई की व्यवस्था कराते थे।

### हाईकोर्ट ने पूछा- इतने...

के लिए शपथपत्र के साथ जवाब देने के निर्देश दिए हैं। इसमें बताया गया कि प्रदेश में सिर्फ 3 सायबर इंस्पेक्टर हैं। कोर्ट ने कहा कि इतने कम स्टाफ में मामलों की जांच और कैसे हो रही है। साइबर क्राइम के कितने प्रकरण लंबित हैं, शपथपत्र के साथ यह जानकारी देने कहा है। याचिका में बात सामने आई है कि साइबर क्राइम के मामलों को सुलझाने के लिए पुलिस जवानों को ट्रेनिंग नहीं दी जा रही है। साइबर सेल के तकनीकी स्टाफ थानों के स्टाफ को ट्रेनिंग दे सकते हैं, जिससे साइबर क्राइम से जुड़े बहुत से काम थाना स्तर पर ही सुलझाया जा सकता है। पिछले कई साल से थानों के जवानों को साइबर क्राइम की विवेचना संबंधी ट्रेनिंग नहीं दी गई है। इससे थानों की निर्भरता साइबर सेल पर ही है।

### 10-20 हजार की...

है। इसके अलावा अपराधियों को पकडने के लिए तकनीकी जांच भी इन्हीं के जिम्मे होता है। इस कारण साइबर क्राइम के मामलों का निपटारा काफी धीमि गति से होता है।

### स्कूल की छत का...

बड़ा हिस्सा गिरने से अध्ययनरत पांच बच्चे घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए तोकापाल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे के दौरान प्राथमिक शाला में बच्चों की क्लास चल रही थी। इसी दौरान भवन की छत के प्लास्टर का बड़ा हिस्सा भरभरा कर कमरे में पढ़ाई कर रहे बच्चों पर आ गिरा। प्लास्टर का मलबा छात्र छात्राओं के सिर और पैरों पर गिरा है। इसमें पांच विद्यार्थी घायल हो गए हैं, जिनके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है। बच्चों पर प्लास्टर गिरते ही पूरी शाला में चीख पुकार मच गई और अफरा तफरी व घबराहट का माहौल निर्मित हो गया। स्कूल के शिक्षकों और ग्रामीणों ने घायल बच्चों को तुरंत तोकापाल के सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। इधर घटना की जानकारी लगते ही चित्रकोट विधायक विनायक गोयल व अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर विजय दयाराम के भी मौके पर पहुंचकर बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

### सांसद व पूर्व सांसद...

कामना की। सांसद महेश कश्यप ने प्रशासनिक अधिकारियों को फोन कर पूरी घटना की जानकारी ली और बच्चों को उच्च स्तरीय चिकित्सा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं सांसद महेश कश्यप ने घटना की जांच कराने की भी बात कही है। उन्होंने कहा कि वे दिल्ली से लौटते ही इस मामले में एक्शन लेंगे। वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व पूर्व सांसद दीपक बैज ने छोटे गुंडरा प्राथमिक शाला की घटना को दुखद बताते हुए इसे साय सरकार की विफलता का नतीजा करार दिया है। बैज ने छोटे गुंडरा हादसे की जांच की मांग की है।

### मारे गए नक्सलियों...

कमलू वड्डे (40), पीएलजीए मेम्बर इनामी 8 लाख, फरसा तुमड़ा (30), पीएलजीए मेम्बर इनामी 8 लाख शामिल हैं। पुलिस के अनुसार माड़ डिविजन के सचिव रनिता उर्फ जयमती, सीसीएम सोनू, कोसा, अरुण, राधिका, अरब, सुखलाल व कम्पनी नम्बर-1 एवं अन्य माओवादी कैडरों की उपस्थिति की सूचना पर संयुक्त बल रवाना किया गया था। पुलिस को माड़ डिविजन के कुतुल एरिया कमेटी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जटवर, हिकुलनार, घमंडी एवं आसपास क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना प्राप्त हुई थी। नक्सल विरोधी अभियान के दौरान माओवादियों के द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के नीयत से दो आईईडी ब्लास्ट किया गया और एम्बुश कर सुरक्षा बलों को जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई।

### गिद्धों के लिए...

इंडियन वॉल्चर, व्हाइट रम्पेड वॉल्चर एवं ग्रीफॉन वॉल्चर के गिद्धों की पुष्टि भोपालपटनम के बामनपुर ग्राम के सकलनारायण पहाड़ के पिछले हिस्से के गद्दलसरी गुट्टा इलाके में की गईं थी, इनकी अनुमानित संख्या 140 गिद्धों की थी, पर वर्तमान में इसकी संख्या बढ़कर लगभग 205 बताई जा रही है।


**EMPLOYMENT NOTIFICATION 2024**

**NMDC-DAV Private Industrial Training Institute, Nagarnar, Jagdalpur Distt-Bastar (C.G.) Pin-494001**

Applications are invited for trained, experienced and competent candidates with good academic record for the post of Instructor Welder (Theory), Instructor Welder (Practical), Instructor (Engineering Drawing and Workshop Calculation Science), Computer Instructor and Lower Divisional Clerk for NMDC-DAV Private Industrial Training Institute, Nagarnar Jagdalpur Distt-Bastar (C.G.)

The eligible candidates are required to apply online on **www.nmdcdavitinagarnar.com** for which the link will be opened from date **05/07/2024.** Applications received by any other means will not be accepted.

The prospective candidates are required to go through the details given on the website, otherwise the management will not be responsible for any such lapses on their part.

The last date for submission of the online application form is **14/07/2024**.

**Regional Officer**
**DAV Institutions, CG Zone-A**



**कार्यालय, नगर पंचायत राजिम जिला - गरियाबंद (छ.ग.)**

क्रमांक/199/ लो.नि.वि./ न.पं. / मै.नि. / 2024-25 राजिम, दिनांक 04.07.2024

**मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय नगर पंचायत राजिम द्वारा एकीकृत प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / अधिकृत सप्लायरों / संस्थानों से लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रचलित ( भवन / सड़क) 01.01.2015 प्रचलित पी.एच.ई. 01.06.2020 एस. ओ. आर. एवं इलेक्ट्रीकल 01.06.2020 एस. ओ. आर. पर स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से त्रि- लिफाफा पद्धति से निविदायें आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा हेतु आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि - 11/07/2024 को अपरान्ह 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय एवं शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि - 18/07/2024 को अपरान्ह 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र ( बंद लिफाफा) प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 25/07/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र बंद लिफाफा खोले जाने की तिथि - 26/07/2024 को अपरान्ह 4.00 बजे तक

| क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत लाख में |
|---|---|---|
| 1 | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (आदिवासी ध्रुव गोड समाज पारा) पथर्रा वार्ड क्र. 15 मां शारदा वार्ड नं.पं. राजिम | 10.00 |
| 2 | टीन शेड निर्माण कार्य (ठेठवार यादव समाज पारा) नं.पं. राजिम | 10.00 |
| 3 | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य मुस्लिम समाज पारा) मस्जिद के पास नं.पं. राजिम | 5.00 |
| 4 | सांस्कृतिक भवन निर्माण ( वार्ड नं. 06 वीप्र भवन के पास ) राजिम | 10.00 |
| 5 | वार्ड क्र. 04 में दुकलहा सोनकर घर से शीतला माता मंदिर पहुंच मार्ग तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 3.88 |
| 6 | वार्ड क्र. 06 में विजय निषाद घर से सत्ती माता मंदिर तक नाला निर्माण कार्य । | 7.13 |
| 7 | वार्ड क्र. 12 में कैलाश सोनकर घर से झाडू सोनकर घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 1.50 |
| 8 | वार्ड क्र. 12 में कमल सोनकर घर से मुख्य मेन रोड तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 0.60 |
| 9 | वार्ड क्र. 12 श्याम अग्रवाल के दुकान से होरीलाल निराला ग्राण्डड तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 1.66 |
| 10 | वार्ड क्र. 13 में बुधराम गिलहरे घर से रमेश टंडन घर तक आर.सी.सी. नाली एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 1.52 |
| 11 | वार्ड क्र. 13 में घसिया पारा प्रमोद घर से तालाब तक आर.सी.सी. नाली एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 2.82 |
| 12 | वार्ड क्र. 15 में बाईपास रोड से नैबती साहू घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 4.81 |
| 13 | वार्ड क्र. 15 में संतोष साहू घर से मुरूम खदान तक नाली निर्माण कार्य । | 3.83 |

**नोटः-** उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति, व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। अथवा कार्यालय नगर पंचायत राजिम से प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत, राजिम**



**न्यायालय तहसीलदार भटगांव जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

366/03.07.24 रा.प्र.क्र- 2024063210300011 वर्ष2023-24

**// संशोधित ईश्तहार //** ग्राम भटगांव, प.ह.नं. 05

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़ के मामला क्रमांक 2024063210300011 वर्ष 2023-24 में उल्लेखित कार्यालय मुख्यनगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत भटगांव के पत्र क्रमांक/ 241/ न.पं.भ./ लो.नि.वि. / 2024-2025 भटगांव, दिनांक 13/06/2024 बैठक दिनांक 9/01/2023 के प्रस्ताव क्र. 12 के द्वारा निकाय के आय में वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय भूमि खसरा नंबर 2626 रकबा 0.2100 हे. भूमि में दुकान निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया है एवं आबंटन की प्रत्याशा में कार्यालय द्वारा उक्त भूमि में निकाय को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से व्यवसायिक काम्प्लेक्स का निर्माण कर लिया गया है। उक्त खसरा नंबर 2626 रकबा 0.2100 शासकीय भूमि में से 62X6=372 वर्ग मीटर भूमि आबंटन प्रस्ताव किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे स्वतः उपस्थित होकर अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 16/07/2024 तक दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की शील मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार, भटगांव**



**न्यायालय तहसीलदार भटगाँव जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

367/ 03.07.2024 रा.प्र.क्र- 202406321300012 वर्ष 2023-24

**// संशोधित ईश्तहार //** ग्राम भटगांव, प.ह.नं. 05

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय मुख्यनगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत भटगांव का पत्र क्रमांक/239/न.प.भ/लो.नि.वि./2024-25 भटगांव, दिनांक 13/06/2024 प्राप्त। जिसके द्वारा नगर पंचायत भटगांव के प्रेसीडेन्ट इन काउंसिल के बैठक दिनांक 15/7/2022 के प्रस्ताव क्र. 5 के द्वारा निकाय के आय में वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय भूमि 2052 रकबा 0.8740 में से 250X13.50 वर्ग मीटर भूमि पर वार्ड क्र. 02 अडबंधा तालाब के पास मुख्य मार्ग स्ट्रीट वेंडिंग जोन एवं दुकान निर्माण हेतु भूमि आबंटन किये वर्ग मीटर भूमि आबंटन का प्रस्ताव किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति हो तो वे स्वतः उपस्थित होकर अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 16/07/2024 तक दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 03/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर **तहसीलदार भटगांव**


## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** – पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** – आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** – मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5562



**बाएँ से दाए-**
1. दयालु.उदार-5
4. गगन,आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा,गाऊन-3
9. छुट्टी,अवकाश-2
10. आबे हयात,काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना,भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत,बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम,सूरी-5
22. दुत्कारना,डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर,सवेरा-3
28. मूल्य,कीमत-2
29. महीन,बहुत छोटा-3
30. फूंक,दम,सुट्टा -2
32. झंकार,प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता,ज्वर-2
36. ओट,चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर,सना हुआ-4
39. निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. कैदी,बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत,तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई,चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली,रिक्त-2
16. लाईन,पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन,दरिद्र-3
21. लश्कर,फौज-2
22. नष्ट,अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय,धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा,अभिलाषा-3
35. राह,मार्ग-2
37. टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली - 5561 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5573

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5572 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |



स्पेशलः वर्ल्ड चॉकलेट-डे, 7 जुलाई

# यमी चॉकलेट बड़ी टेस्टी है कहानी

बच्चों, चॉकलेट खाने में तो तुम्हें बहुत मजा आता होगा, है ना! क्या तुम जानते हो, इसको सबसे पहले कहां, कब और कैसे बनाया गया था? नहीं पता तो कोई बात नहीं। वर्ल्ड चॉकलेट-डे के अवसर पर हम तुम्हें इन सबके बारे में यहां बता रहे हैं। साथ ही दुनिया की सबसे बड़ी चॉकलेट और चॉकलेट म्यूजियम के बारे में भी जानो।

रोचक जानकारी / शिखर चंद जैन

चॉकलेट खाना तो हर किसी को पसंद होता है। बच्चे तो इसे खूब मजे लेकर खाते हैं। चॉकलेट खाने में जितनी यमी होती है, उतनी ही दिलचस्प इससे जुड़ी बातें भी हैं। तो जानो चॉकलेट से जुड़ी कुछ रोचक बातें-

## अमेरिका में हुई शुरुआत

चॉकलेट बनाने की शुरुआत अमेरिका से मानी जाती है। शुरुआती दौर में यहां के लोग चॉकलेट निर्माण में यूज होने वाले कोकोआ-सीड्स को 'गॉड गिफ्ट' मानते थे। वे इसे एक तीखे एनर्जी ड्रिंक की तरह मसालों, कॉर्न सूप आदि के साथ इस्तेमाल करते थे। बीसवीं सदी तक आते-आते अमेरिकी सैनिक युद्ध के मैदान में फास्ट फूड की तरह इसका सेवन करने लगे।

## करेंसी के रूप में कोकोआ बींस

बच्चों, तुम्हें जानकर अचरज होगा कि चॉकलेट बनाने के लिए जिन कोकोआ-बींस का इस्तेमाल किया जाता है, इन बींस को प्राचीन माया सभ्यता के लोग करेंसी (मुद्रा यानी रुपए-पैसे के तौर पर) के रूप में इस्तेमाल करते थे। कहते हैं, उन दिनों इसकी कीमत सोने से भी ज्यादा हुआ करती थी। इसका कारण यह था कि कोकोआ की खेती पर प्रतिबंध था और यह आसानी से उपलब्ध नहीं होता था।

## ऐसे बनती है चॉकलेट

चॉकलेट, कोकोआ बींस से बनती है। इसकी एक बीन यानी फली में 25 से 50 तक बीज होते हैं। चॉकलेट बनाने के लिए इन बीजों और फली के सफेद पल्प को लकड़ी के कंटेनर में पांच-सात दिनों के लिए बंद कर देते हैं। फिर बीजों को सुखाकर रोस्ट करते हैं, जिससे इनके छिलके अलग हो जाते हैं। इन बीजों से पेस्ट बनाते हैं। पेस्ट में मौजूद कोकोआ बटर को हाइड्रॉलिक प्रेशर से अलग किया जाता है। बचे हुए पेस्ट में चीनी, मिल्क पावडर और फ्लेवर मिलाकर चॉकलेट बनाते हैं। यहां यह भी बता दें कि दुनिया भर में उपजने वाले कोकोआ का 66 फीसदी हिस्सा पश्चिमी अफ्रीका में पैदा होता है। अकेले आइवरी कॉस्ट में पूरी दुनिया का 33-34 फीसदी कोकोआ का उत्पादन होता है।

## इंट्रेस्टिंग चॉकलेटी फैक्ट्स



**फिल्म के लिए बनाई चॉकलेट की नदीः** वर्ष 1971 में एक फिल्म 'विली वोनका एंड चॉकलेट फैक्ट्री' की शूटिंग के लिए चॉकलेट की नदी बना दी गई थी। इसके लिए 15 हजार गैलन पानी में चॉकलेट और क्रीम को मिलाया गया था।

**चॉकलेट इंटीरियर वाला घरः** वर्ष 2013 में बेलारूस के मिंस्क में रहने वाली एलीना क्लीमेंट ने एक ऐसा अनूठा घर बनाया, जिसमें मौजूद हर चीज चॉकलेट से बनी हुई थी। 600 किलो चॉकलेट की मदद से बने इस 20 वर्ग मीटर के कमरे में टेबल-चेयर, ड्रॉअर, फायर प्लेस, फ्लावरपॉट आदि सब कुछ चॉकलेट से ही बनाया गया था। इसे बनाने में ढाई महीने लगे। प्रदर्शन के बाद ये सभी चॉकलेटी सामान दर्शकों-ग्राहकों को चखाए गए।

**सबसे बड़ी चॉकलेटः** ब्रिटेन की एक चॉकलेट कंपनी ने साल 2011 में अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दुनिया की सबसे बड़ी चॉकलेट का निर्माण किया था। इस चॉकलेट का वजन 5792.50 किलोग्राम था।



## चॉकलेट लवर हैं यूरोपियन

यूं तो दुनिया के हर देश में चॉकलेट खाने के शौकीन होते हैं, लेकिन यूरोप के लोग इसको कुछ ज्यादा ही पसंद करते हैं। 'इंटरनेशनल कोको ऑर्गेनाइजेशन' के अनुसार दुनिया की आधी चॉकलेट सिर्फ यूरोपियन खा जाते हैं। इसके मुताबिक एक ब्रिटिश, स्विस या जर्मन नागरिक साल में लगभग 11 किलो चॉकलेट खा लेता है।

## दुनिया की सबसे महंगी चॉकलेट

पिछले वर्ष पुर्तगाल के ऑबिदुश शहर में आयोजित इंटरनेशनल चॉकलेट फेस्टिवल में दुनिया की अब तक की सबसे महंगी चॉकलेट 'ग्लोरियस' प्रदर्शित की गई। इस चॉकलेट की कीमत 7728 यूरो यानी लगभग 6,20,863 रुपए थी। रिपोर्ट के अनुसार 24 कैरेट गोल्ड प्लेटेड इस चॉकलेट के निर्माण में केसर, सफेद ट्रफल, मेडागास्कर के खास वनीला का यूज किया गया। 'ग्लोरियस' की पैकेजिंग भी बेहद खास थी। इस पर हजारों स्वरोस्की क्रिस्टल और मोती भी लगाए गए थे। *

## अनोखा चॉकलेट म्यूजियम



**बच्चों, न्यूयॉर्क** (अमेरिका) में एक चॉकलेट म्यूजियम भी है। उसका नाम है- चॉको स्टोरी। अनोखे तरह के इस म्यूजियम को खोलने का विचार जैक्स टोरेस को आया, जो पेशे से एक चॉकलेट मेकर हैं। म्यूजियम की खास बात यह है कि यहां जितनी भी चीजें बनी हुई हैं, वो सब चॉकलेट की ही बनी हुई हैं। तुम इस म्यूजियम में जिधर भी नजर घुमाओगे, तुम्हें सिर्फ और सिर्फ चॉकलेट ही नजर आएगा। म्यूजियम को देखने आने वाले लोगों को सबसे पहले यहां चॉकलेट खाने को दी जाती है। इसके अलावा यहां चॉकलेट के इतिहास के बारे में भी बताया जाता है। ऐसा एक और म्यूजियम जर्मनी के कोलोन शहर में भी मौजूद है, यहां भी चॉकलेट से जुड़ी रोचक जानकारियां दी जाती हैं।

कहानी / संदीप पांडे 'शिष्य'

तेजस को मैथ का सब्जेक्ट बिल्कुल पसंद नहीं था। मैथ्स के सवालों से वह डरता था। लेकिन मम्मी ने एक दिन कुछ ऐसे टिप्स दिए कि तेजस का मैथ को लेकर डर दूर हो गया।

# मेरी प्यारी मम्मी



आज तेजस बहुत परेशान था। वह बार-बार पानी पीता और कुछ सोचने लगता। उसे इस तरह परेशान देखकर मम्मी ने पूछा, 'तेजस, इतने परेशान क्यों दिख रहे हो?'

तेजस बोला, 'मम्मी, जब से मैं सेवेंथ क्लास में आया हूं, मैथ्स का सब्जेक्ट कुछ समझ में नहीं आता। इस सब्जेक्ट में मेरा बिल्कुल भी मन नहीं लगता है। मैथ की किताब उठाते ही मैं बुरी तरह घबरा जाता हूं। मेरा मैथ का होमवर्क भी अधूरा रह जाता है। आजकल मुझे रात में सोने के बाद भी मैथ्स के ही डरावने सपने दिखाई देते हैं।' यह सब बताते हुए तेजस का चेहरा एकदम मुरझा-सा गया।

'बस इतनी सी बात!' मम्मी हौले से मुस्कुराईं और तेजस को समझाते हुए बोलीं, 'बेटा, स्कूल में जो भी सब्जेक्ट पढ़ने होते हैं, उनको लेकर हम सबकी रुचियां अलग-अलग होती हैं। अन्य सब्जेक्ट्स की तरह ही किसी को मैथ्स बहुत पसंद होती है, किसी को नहीं। लेकिन मैथ के सवालों से घबराकर इसे सॉल्व नहीं करना, इससे दूर भागना ठीक नहीं। बच्चों को अपने सिलेबस के सारे सब्जेक्ट्स पर ध्यान देना चाहिए। रुचि से पढ़ना चाहिए।'

तेजस ने पूछा, 'तो फिर मम्मी हमें क्या करना चाहिए?' 'बेटा, यह जो मैथ का सब्जेक्ट है, इसके लिए सबसे जरूरी है प्रैक्टिस। रेग्युलर प्रैक्टिस से मैथ्स के मुश्किल सवाल भी तुम आसानी से हल कर लोगे। अगर आज का टॉपिक या होम-वर्क कल पर टालते रहोगे तो मैथ्स तुम्हें और भी जटिल, बोझिल लगेगी। ये बातें मैथ्स ही नहीं हर, सब्जेक्ट पर लागू होती है।' मम्मी ने तेजस को प्यार से समझाया। तेजस मम्मी की बातें गौर से सुन रहा था। उन्होंने आगे समझाया, 'अब इसका आसान उपाय यह है कि सबसे पहले सरल और जल्दी से हल होने वाले सवाल किया करो। इससे तुम्हें एक खुशी मिलेगी, कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा कि तुमने सवाल हल कर लिया। एक जरूरी बात और सुनो, अगर कोई सवाल नहीं आ रहा हो, तो क्लास में टीचर से पूछने में बिल्कुल भी झिझक मत करो। तुम्हारे जो क्लासमेट्स मैथ्स में तेज हों, उनसे मदद लो। इसमें तुम्हें कभी कोई शर्म महसूस नहीं होनी चाहिए। आखिर वे तुम्हारे दोस्त हैं। अगर बार-बार हल करने पर कोई सवाल हल नहीं हो रहा तो कुछ देर कोई दूसरा सब्जेक्ट पढ़ लो फिर मैथ्स के सवाल हल करो, जरूर सफल होगे।'

'मम्मी, आपने तो मुझे काफी अच्छी सलाह दी है।' तेजस खुश होकर बोला। वह अब अपने-आप को बहुत ही हल्का महसूस कर रहा था।

'बेटा, पढ़ाई में एक और बात जान लो, किसी टफ सब्जेकट को ईजी बनाने में ग्रुप-स्टडी बहुत काम आती है। तुम्हें भी अपने दोस्तों के साथ ग्रुप-स्टडी करनी चाहिए। तुम अपने दोस्तों को घर बुला लो। मैं तुम लोगों के बढ़िए से नाश्ते-पानी का इंतजाम कर दूंगी। तुम सभी दोस्त नाश्ता भी करना और हंसते-खेलते मैथ्स के सवाल भी हल करना।' मम्मी ने सुझाव दिया।

'सचमुच मम्मी...!' तेजस हंसते हुए बोला।

'हां-हां बेटा, मैं भी जब तुम्हारी उम्र की थी तो यही करती थी। ग्रुप-स्टडी के दौरान हम एक-दूसरे की काफी मदद करते थे। इसमें हमें बहुत मजा आता था, पढ़ाई कभी भी बोझ नहीं लगती थी।' मम्मी ने बताया।

तेजस को मम्मी की सारी बातें समझ आ गई थीं। उसने तय किया कि वह मम्मी की बताई बातों को अमल में लाएगा। वह बहुत खुश था, क्योंकि उसके मन से मैथ्स का डर भाग चुका था। वह मम्मी के गले लगकर बोला, 'आप मेरी प्यारी मम्मी हो!' *

## जीके क्विज-111

1. भारतीय क्रिकेट टीम ने किस देश की टीम को हराकर टी-20 वर्ल्ड कप 2024 जीता?
2. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 600 छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर कौन बने हैं?
3. हाल में लगातार दूसरी बार भारत के रक्षा मंत्री कौन बने हैं?
4. हर वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है?
5. ओलंपिक खेल कितने वर्षों के अंतराल पर आयोजित किए जाते हैं?
6. भारत के सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज कौन थीं?
7. 'भारत कोकिला' के नाम से किन्हें जाना जाता है?
8. दुनिया का सबसे छोटा महासागर कौन सा है?
9. ताज महल किस नदी के तट पर स्थित है?
10. अंतरिक्ष से आसमान का रंग कैसा दिखाई देता है?



बच्चों, जीके क्विज-110 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-110 का उत्तर :** 1.ओम बिरला, 2.अजीत डोभाल, 3.दक्षिण कोरिया, 4.तेलंगाना, 5.अल्बर्ट आइंस्टाईन, 6.अमेजन वर्षा वन, 7.महाराष्ट्र, 8.जम्मू कश्मीर, 9.चंद्रमा, 10.सहारा

**जीके क्विज-110 का सही उत्तर देने वाले :** मिर्जा अमीन बेग-रतनपुर, कबीर-हिसार, शुभम-बिलासपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, पायल-ईमेल से, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी.ईशान-अहमदाबाद, नितिन-दुर्ग, सरबजीत-करनाल, अंजलि-कवर्धा, मानवी मधुकर-बिलासपुर, दिव्या-रोहतक, आदित्य-रायपुर

## हंसगुल्ले

**नव्या** : तुम शीशे के सामने बैठकर क्यों पढ़ती हो?
**नैंसी** : क्योंकि इसके दो फायदे हैं।
**नव्या** : क्या फायदे हैं?
**नैंसी** : साथ में पढ़ने के लिए कंपनी मिल जाती है और खुद पर नजर भी रहती है।

**-खुशबू, रायपुर**

**सोनू** : पता है, कल रात भर मुझे नींद नहीं आई।
**मोनू** : क्यों?
**सोनू** : मैं सपने देखता रहा कि मैं जाग रहा हूं।

**-प्रियांश, रोहतक**

टीचर : बच्चों, यमुना नदी कहां बहती है?
रोहन : सर, जमीन पर?
टीचर : मैप में बताओ, कहां बहती है?
रोहन : सर, मैप में नदी बहेगी तो मैप गीला नहीं हो जाएगा?

**-आर्यन, दुर्ग**

# कैसे होती है रिमझिम बारिश



इन दिनों हर जगह बारिश हो रही है। बच्चों को तो बारिश बहुत ज्यादा सुहाती है, क्योंकि उन्हें बारिश में भीगने और छप्पाक-छपाई खेलने का मौका मिलता है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि बारिश क्यों और कैसे होती है, बारिश की बूंदें गोल क्यों होती हैं? जानो, बारिश से जुड़ी पूरी जानकारी।

नॉलेज-टॉक / अशोक जोशी

समीर आज जैसे ही स्कूल पहुंचा, एकाएक बारिश होने लगी। वह सोचने लगा, कल तक तो गर्मी थी, अचानक बादल कहां से आ गए और बारिश होने लगी? समीर समझ नहीं पा रहा था कि आखिर बारिश होती कैसे है? विज्ञान के पीरियड में जब श्रीवास्तव सर आए तो उसने बड़ी जिज्ञासा से पूछ ही लिया, 'सर, एक बात समझ में नहीं आती कि बारिश होती कैसे है?' श्रीवास्तव सर पहले मुस्कराए फिर बोले, 'समीर, तुमने बहुत अच्छा प्रश्न पूछा है। तुम्हारी तरह सभी बच्चों के दिमाग में यही प्रश्न उठ रहा होगा। क्यों बच्चों, क्या कहते हो?' 'हां सर, प्लीज हमें बरसात के बारे में बताएं।' बच्चे एक स्वर में बोले। श्रीवास्तव सर ने बताना शुरू किया, 'बच्चों, वर्षा ऋतु, पूरे वर्ष का वह समय होता है, जब किसी क्षेत्र में अधिकांश औसत वर्षा होती है। पूरे भारत में गर्मी के बाद वर्षा ऋतु की शुरुआत जुलाई में होती है और सितंबर तक चलती है। यह ऐसा मौसम है, जिसका अलग-अलग कारणों से लोगों को इंतजार रहता है।'

'लेकिन सर पानी तो जमीन पर होता है। वह आसमान में कैसे पहुंचता है?' समीर की वर्षा को लेकर जिज्ञासा बढ़ती जा रही थी। श्रीवास्तव सर आगे बोले, 'तुम्हारा सोचना स्वाभाविक है कि आखिर आसमान में पानी कैसे पहुंचता है? सुनो, जब सूरज की किरणें धरती पर पड़ती हैं तो यह धीरे-धीरे धरती और विभिन्न जल स्त्रोतों में उपस्थित पानी को गर्म करने लगती हैं। गर्म होने के कारण पानी के कण एक-दूसरे से दूर होने लगते हैं फिर ये कण वाष्प में बदल जाते हैं। यह वाष्प बिल्कुल हल्की होती है, इसलिए हवा के साथ धीरे-धीरे आसमान की ओर चली जाती है।' 'सर, यह भी बताइए ना कि बादल कैसे बनते हैं और इनसे बारिश कैसे होती है?' विवेक ने अगला सवाल किया। 'वेरी गुड, विवेक...!' श्रीवास्तव सर इस प्रश्न पर खुश हुए, उन्होंने बादल बनने और बारिश होने की प्रक्रिया भी समझाई, 'वास्तव में होता यह है कि प्रत्येक 165 मीटर की ऊंचाई पर औसतन 1 डिग्री सेल्सियस तापमान कम होने लगता है, जिसके कारण ऊपर उठने वाली भाप ठंडी होने लगती है। जब जलवाष्प के ये ठंडे छोटे-छोटे कण एक-दूसरे से मिलकर इकट्ठा होते हैं, तो उन्हें हम बादल कहते हैं। चूंकि ये कण बहुत ही हल्के होते हैं, इसलिए ये हवा में आसानी से उड़ने लगते हैं।' श्रीवास्तव सर ने आगे और भी जानकारी दी, 'बच्चों,जब वायुमंडल का तापमान ओसांक (ड्यू प्वॉइंट) से नीचे गिर जाता है, तब बादल के रूप में संघनित जलवाष्प पानी की बूंदों या ओलों के रूप में पृथ्वी पर गिरने लगता है। बादल के रूप में जमा पानी के इन कणों को जमीन पर गिरने के लिए आपस में मिलकर एक क्रिस्टल बनाना पड़ता है। बर्फ का क्रिस्टल बनाने के लिए इन्हें किसी ठोस चीज की आवश्यकता होती है, जो क्रिस्टल के आधार का काम कर सके। बारिश के लिए जंगल की आग, फैक्ट्री या चिमनी आदि से निकलने वाले धुंए से निर्मित छोटे-छोटे कण, रेत के छोटे कण, सूक्ष्मजीव और अंतरिक्ष से आने वाले छोटे उल्कापिंड भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।'

अब तक शांत बैठी संगीता ने भी अपनी गोल-गोल आंखें घुमाकर सवाल किया, 'सर, हमने गौर किया है कि बारिश की जो बूंदें आसमान से टपकती हैं, वे गोल होती हैं, ऐसा क्यों?' 'वाह संगीता! तुम तो बड़े ध्यान से बरसात की बूंदों को देखती हो।' सर हंसे और बोले, 'बच्चों, यह तो तुम जानते ही होगे कि पानी को जिस आकार के बरतन में डाल दें, वह उसके आकार में ही ढल जाता है। जहां तक बारिश के बूंदों की बात है तो 'सरफेस टेंशन' यानी पृष्ठ तनाव की वजह से गोल आकार की हो जाती हैं। ऊंचाई से गिरता हुआ कोई भी द्रव जैसे-जैसे पृथ्वी के पास आता है, वह छोटे-छोटे गोल बूंदों का रूप ले लेता है। गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र में सबसे न्यूनतम आकार गोलाकार होता है। बारिश की बूंदें जब स्वतंत्र होकर गिरती हैं, तो वह न्यूनतम आकार लेने का प्रयास करती हैं। इसलिए गिरती हुई बारिश की बूंदें जैसे-जैसे छोटी होती जाती हैं, गोलकार रूप लेने लगती हैं।' एक पल ठहर कर श्रीवास्तव सर ने बच्चों से पूछा,

'अब सबके समझ में आ गया ना कि बारिश कैसे होती है?'

'हां सर!' सभी बच्चे समवेत स्वर में जोर से बोले। उधर बाहर गड़गड़ाहट के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई थी। बच्चों का मन कर रहा था बाहर निकल कर बारिश में भीगें और छप्पाक-छपाई खेलें। *

कविता
आशा शर्मा



## बरखा के संग

काले बादल शोर मचाएं
उमड़-घुमड़ कर हमें बुलाएं
दिल करता सब भूल-भालकर
बरखा के संग नाचे गाएं।
इंद्रधनुष को घर ले आएं
रोलर कोस्टर उसे बनाएं
सतरंगी झूले पर चढ़कर
आसमान में पींग बढ़ाएं।
कागज की कश्ती बनवाएं
ताल-तलैया में तैराएं
कैनवास धरती को कर लें
फिर मनचाहे चित्र बनाएं।
गीली मिट्टी से सन जाएं
घमौरियों पर लेप लगाएं
सावन वाली डोकरिया को
अपने घर का पता बताएं।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इनमें 6 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



उत्तर: 1.लड़की के बाल में लगे फूल की एक पंखुड़ी गायब है। 2.लड़की की दाहिनी कलाई के पीछे दिख रहे पहाड़ की आकृति अलग है। 3.लड़की के फ्रॉक के निचले हिस्से पर दो पीली पट्टियां हैं। 4.लड़की के बाएं हाथ के पीछे फूल वाला एक छोटा पौधा दिख रहा है। 5.लड़की के बाईं तरफ वाला फूल का पत्ता गायब है। 6. लड़की के फ्रॉक के ऊपरी हिस्से में एक रिबन कम है।

## सही मैचिंग करो

बच्चों, इस चित्र में सोनू (S), मोनू (M) और राजू (R) फिशिंग कर रहे हैं। उनके फिशिंग रॉड के धागे आपस में उलझ गए हैं। तुम चित्र को गौर से देखो और बताओ कि किसने कौन-सी मछली पकड़ी?




उत्तर: S-2, M-3, R-1

## गिनकर बताओ

बच्चों, यहां कई सारी बिल्लियों के चित्र दिए गए हैं। तुम गिनकर बताओ कि इस चित्र में कुल कितनी बिल्लियां दिख रही हैं?



उत्तर-12

## झारखंड विस चुनाव 'इंडिया' गठबंधन का चेहरा होंगे सोरेन



जमशेदपुर। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य डॉक्टर अजय कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि झामुमो नेता हेमंत सोरेन इस साल राज्य में होने वाले वाले विधानसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन का चेहरा होंगे। झामुमो के प्रमुख शिबू सोरेन के बेटे हेमंत ने बुधवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन के इस्तीफा देने के बाद बृहस्पतिवार को तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। कुमार ने कहा, "झारखंड में मुख्यमंत्री बदलने से विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की संभावनाओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## अमरनाथ : 1.30 लाख हुई दर्शन करने वालों की संख्या



श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर में अमरनाथ गुफा मंदिर में भगवान शिव के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़कर 1.30 लाख से अधिक हो गई। अधिकारियों ने बताया, को वार्षिक यात्रा के छठे दिन लगभग 25 हजार तीर्थयात्रियों ने यात्रा की और बाबा भोलेनाथ के दर्शन किए।' 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या अब 1,30,260 हो गई है।

**बाबा की खुलने लगी पोल** | उत्तर प्रदेश के कई शहरों में है बाबा के ठिकाने

# भक्तों से एक पैसा नहीं लेते फिर भी बाबा की शहर-दर-शहर प्रॉपर्टी, महंगी कारें-प्राइवेट आर्मी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाथरस सत्संग में हुए हादसे के बाद बाबा (सूरजपाल) चर्चा में हैं। वे फिलहाल फरार है और पुलिस उसे सरगर्मी से तलाश रही है। उनका असली नाम सूरजपाल सिंह जाटव है। वे अपने अलग अंदाज के लिए भी जाने जाते हैं। वेश-भूषा देखकर कोई नहीं कह सकता है कि ये बाबा हैं, और कई राज्यों में इनके हजारों भक्त हैं। अब धीरे-धीरे बाबा की पोल खुल रही है।

फिलहाल बाबा के भक्त उत्तर प्रदेश के अलावा उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के अलावा देश के दूसरे हिस्सों में भी मौजूद हैं। जो सत्संग में आशीर्वाद लेने पहुंचते थे। सूरजपाल सिंह जाटव एटा जिले से अलग हुए कासगंज के पटियाली के बहादुरनगर गांव के निवासी हैं। वैसे बाबा का अब अपने गांव आना-जाना कम रहता है। लेकिन बहादुरनगर बाबा की जन्मस्थली के रूप में मशहूर है, जहां रोजाना लोगों की बड़ी भीड़ पहुंचती है।

### बाबा चैरिटेबल ट्रस्ट

बहादुरनगर में बाबा चैरिटेबल ट्रस्ट है, यहां सैकड़ों लोग काम करते हैं। ट्रस्ट के एक सदस्य ने बताया कि बाबा के नाम पर यहां 20-25 बीघा जमीन है, जहां खेती होती है।

**बाबा चैरिटेबल ट्रस्ट में करते हैं बड़ी संख्या में लोग काम**





### कई आश्रम हो चुके स्थापित

दिलचस्प ये भी है कि कथित भोले बाबा अपने भक्तों से कोई दान, दक्षिणा या चढ़ावा नहीं लेते हैं। लेकिन इसके बावजूद उनके कई आश्रम स्थापित हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश में कई दूसरे स्थानों पर स्वामित्व वाली जमीन पर आश्रम स्थापित करने का दावा भी किया जा रहा है। खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में बाबा के कई एकड़ जमीन पर आश्रम हैं, जहां लगातार सत्संग के कार्यक्रम चलते रहते हैं। बाबा के अनुयायियों में सबसे बड़ा वर्ग अनुसूचित जाति-जनजाति और ओबीसी वर्ग का है।

### मकान को मंदिर का दर्जा

स्वंयभू 'भोले बाबा' पहले आगरा के एक छोटे से मकान में रहते थे। अब उस मकान को मंदिर का दर्जा दे दिया गया है। लोग अब उस ताला लगे मकान को बाबा की कुटिया कहते हैं। लेकिन आसपास के लोगों की मानें तो ये बाबा का सेफ हाउस भी है। जहां बाबा अक्सर आते हैं और आराम करते हैं। हालांकि वैसे आमतौर पर इस मकान पर ताला ही लगा रहता है।

इसके अलावा ट्रस्ट के लोगों का यहां आने वाले भक्तों को कोई दिक्कत न हो, इस काम को देखते हैं। बहादुरनगर ट्रस्ट में बड़ी संख्या में महिला सेवादार भी हैं। उत्तर प्रदेश के नोएडा में बाबा का आश्रम बताया जा रहा है। इसके अलावा सूबे कई राज्यों में भी बाबा के ठिकाने हैं।

### प्राइवेट आर्मी से घिरे रहते थे बाबा

रियल एस्टेट कंसलटेंट नाइट फ्रैंक इंडिया ने साल 2024 की पहली छमाही के लिए इंडिया रियल एस्टेट फ्लैगशिप रिपोर्ट जारी किया है। इस रिपोर्ट में देश के टॉप आठ शहरों में रेसिडेंशियल और ऑफिस सेगमेंट पर पड़ रहे प्रभावों का जिक्र किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2024 की पहली छमाही में इन टॉप 8 शहरों में कुल 183,401 हाउसिंग यूनिट्स लांच हुए हैं जो कि 2023 के मुकाबले 6 फीसदी ज्यादा है।

### 1,73,241 आवास की बिक्री

वर्ष 2024 की पहली छमाही में 173,241 घरों की बिक्री हुई है जो कि 2023 के इसी अवधि के मुकाबले 11 फीसदी ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक 2024 की दूसरी तिमाही में कुल 86,896 हाउसिंग यूनिट्स की सेल्स हुई है जो 2023 की दूसरी तिमाही से 12 फीसदी ज्यादा है।

### महामारी के बाद से रेसिडेंशियल मार्केट में तेजी

नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना महामारी के बाद से रियल एस्टेट इंडस्ट्री के सभी सेगमेंट्स में जोरदार रिकवरी देखने को मिली है। लेकिन रेसिडेंशियल मार्केट में सबसे तेज रिकवरी देखने को मिली है। 2020 के बाद से प्राइमरी मार्केट में सेल्स वॉल्यूम 29 फीसदी के दर से सालाना बढ़ा है और 2023 में तो 10 सालों के हाई पर हाउसिंग सेल्स का आंकड़ा जा पहुंचा है।



### मुंबई में महंगे घरों की सेल्स में 117% का उछाल!

नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल के मुकाबले दिल्ली एनसीआर को छोड़कर सभी मार्केट्स में हाउसिंग सेल्स बढ़ा है। दिल्ली एनसीआर में सेल्स में 4 फीसदी की कमी आई है। मुंबई में 47,259 यूनिट्स बिके हैं जो 13 वर्ष का हाई है और पिछले साल के समान अवधि के मुकताबले 16 फीसदी सेल्स बढ़ा है। दरअसल मुंबई में 1 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत वाले घरों की सेल्स में 117 फीसदी का उछाल आया है।

*साल 2024 के पहले छमाही में रेसिडेंशियल मार्केट्स के लिहाज से देश के टॉप 8 शहरों में घरों की बिक्री 11 सालों के हाई पर जा पहुंची है। जिसमें महंगे और लग्जरी घरों की डिमांड सबसे ज्यादा रही है। प्रीमियम हाउसिंग में 1 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत वाले घर अब सबसे बड़े सेगमेंट के तौर पर उभरकर सामने आए है।*



- 2024 की पहली छमाही में आवासीय बिक्री 11 प्रतिशत बढ़ी
- महंगे और लग्जरी घरों की मांग सबसे अधिक रही
- प्रीमियम हाउसिंग में एक करोड़ से अधिक कीमत वाले घरों की मांग अधिक

### अफोर्डेबल हाउसिंग की डिमांड कम

*रिपोर्ट के मुताबिक पिछले पांच छमाही में 50 लाख रुपए से कम कीमत वाले घरों की सेल्स में कमी देखने को मिली है। रेसिडेंशियल मार्केट में शानदार तेजी के बाद भी 50 लाख रुपए से कम कीमत वाले घर नहीं बिक रहे जिसके लिए लगातार प्रॉपर्टी के दामों में बढ़ोतरी, महंगे होम लोन रेट्स और इस सेगमेंट में आने वाले होमबायर्स पर महामारी के बुरे प्रभाव के चलते डिमांड कम रही है। तो डेवलपर्स ने भी प्रीमियम हाउसिंग प्रोजेक्ट्स के लांचिंग पर अपना फोकस बढ़ा दिया है।*

### प्रीमियम घरों की बढ़ी डिमांड

रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में भी हाउसिंग सेल्स में तेजी बनी हुई है और 2024 की पहली छमाही में हाउसिंग सेल्स का आंकड़ा 11 वर्ष के हाई पर जा पहुंचा है। पहली छमाही में 173,241 हाउसिंग यूनिट्स की सेल्स देखने को मिली है। घरों के डिमांड के आंकड़े लचीले ग्रोथ की ओर इशारा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, प्रीमियम घरों की डिमांड रेसिडेंशियल मार्केट की जड़ों में समा चुका है।

## सेंसेक्स पहली बार 80,000 अंक के पार हुआ बंद

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 63 अंक चढ़कर पहली बार 80,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा।

सकारात्मक वैश्विक रुख के बीच मुख्य रूप से बाजार में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनियों... आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और टीसीएस में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 62.87 अंक बढ़त के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 80,049.67 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 15.65 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की तेजी के साथ नये शिखर 24,302.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 114.5 अंक चढ़कर 24,401 अंक तक गया था। 'निवेश के लिहाज से रक्षात्मक माने जाने वाली आईटी और औषधि क्षेत्र की बड़ी कंपनियों में लिवाली देखी गयी। तिमाही आधार पर आय परिदृश्य में सुधार तथा 10 साल के बांड प्रतिफल में तेज गिरावट से इन शेयरों में लिवाली की गयी।'

## सोना 530 रुपए मजबूत, चांदी में 1,200 रुपए का उछाल

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 530 रुपये की तेजी के साथ 73,080 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा चांदी की कीमत भी 1,200 रुपये बढ़कर 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 91,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

**जिला अभियंता का कार्यालय**
**जिला परिषद, रामगढ**
Email ID :- eedbramgarh@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, ई–निविदा संख्या– ZP/RAMGARH/01/2024-25, PR No.- 327923 के क्रम संख्या 08, योजना का नाम– अशोक उपाध्याय के खटाल से मनोज महतो के जमीन तक पी०सी०सी० पथ एवं गार्डवाल निर्माण एवं क्रम संख्या 10, योजना का नाम– विश्वनाथ राम के घर से दिनेश्वर राम के जमीन तक पी०सी० सी० एवं गार्डवाल का निर्माण कार्य को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

शेष शर्तें यथावत रहेगी।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, रामगढ।

PR.NO.328612 District(24-25):D

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT**
**Office of the Executive Engineer**
**E/M, Light Machinery Tubewell & Gate's Division Durg (C.G.)**

**MANUAL TENDER NOTICE**
**(2nd Call)**

**NIT No.: 1/EM/2024-25,** **Durg, Dated: 01-07-2024**

Manual Tenders are invited for the following works up to 22-07-2024 at 17.30 Hour

**Name of work:** Installation work of 50 H.P. Centrifugal Pump Motor, Pipe/Valves at Govt. Veterinary Hospital and Breeding center Anjora, District Durg (Under Deposit Work).

**Probable Amount of Contract :-** Rs. 19.84 Lakhs

The details can be viewed on notice board of Office from 15-07-2024 at 11:31 and as published on News Papers.

**NOTE:-** All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration .

**Executive Engineer**
**E/M, Light Machinery Tubewell &**
**Gate's Division Durg (C.G.)**

G-242500810/3

**कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित**
'वन धन भवन' सेक्टर 24, नवा रायपुर अटल नगर, 0771-2513100
E-mail: mfpfed.cg@nic.in, Website: www.cgmfpfed.org

अधिसूचना क्रमांक / संघ /स्टोर/2024/I दिनांक 28/06/2024

**//लेखन/ कम्प्यूटर सामग्री क्रय हेतु निविदा सूचना का सारांश//**

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार/ विकास) सहकारी संघ मर्यादित, कार्यालय में दिनांक 01/08/2024 से 31/07/2025 तक की अवधि में उपयोग होने वाली लेखन सामग्री/ कम्प्यूटर सामग्री के क्रय हेतु, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार/ विकास) सहकारी संघ मर्यादित, (वन धन भवन) सेक्टर-24, नवा रायपुर अटल नगर में सीलबन्द निविदाएँ निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | विवरण | प्रथम निविदा आमंत्रण दिनांक | द्वितीय निविदा आमंत्रण दिनांक | तृतीय निविदा आमंत्रण दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्टेशनरी समाग्री / कम्प्यूटर टोनर सामग्री | 30/07/2024 अपरान्ह 03:00 बजे | 14/08/2024 अपरान्ह 03:00 बजे | 22/08/2024 अपरान्ह 03:00 बजे |

विस्तृत निविदा सूचना क्रय की जाने वाली सामग्री का विस्तृत विवरण, निविदा प्रपत्र, संघ की वेबसाइट www.cgmfpfed.org पर दिनांक **08/07/2024** से इच्छुक निविदाकार डाउनलोड कर सकते हैं।

S-40695/2 **प्रबंध संचालक**

## भारतीय स्टेट बैंक कृषि ऋण खंड में कम करेगी जोखिम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक ने 11 नई पहल की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इनमें डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं को बढ़ाना और 35 नए कृषि केंद्रीकृत प्रसंस्करण प्रकोष्ठ खोलना शामिल है, जिससे कृषि ऋण खंड में जोखिम कम होगा। भारतीय स्टेट बैंक ने बयान में 69वें स्थापना दिवस के अवसर पर अपने संभावित ग्राहकों की बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंक की पहुंच को व्यापक बनाने को इन पहल की घोषणा की।

एसबीआई ने अपने डिजिटल भुगतान अनुभव को बेहतर किया है। इसमें भीम एसबीआई पे ऐप पर 'टैप-एंड-पे' और योनो ऐप पर म्यूचुअल फंड के खिलाफ 'एंड-टू-एंड' डिजिटल ऋण जैसी दो सुविधाएं शामिल हैं।

## अष्टविनायक रियल्टीज और रहेजा ग्रुप का पौधारोपण कार्यक्रम आज

**रायपुर।** अष्टविनायक रियलिटी और रहेजा ग्रुप के कचना स्थित 21 एकड़ के रहेजा निर्वाणा-2 प्रोजेक्ट में 5 से 7 जुलाई तक वृहद पौधारोपण कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें आम शहरी परिवार सहित हिस्सा ले सकेंगे। यह प्रोजेक्ट विधानसभा रोड से 3 किमी, जयस्तंभ चौक से 10 किमी, नया रायपुर से 16 किमी और रेलवे स्टेशन से 10 किमी की दूरी पर है। रहेजा ग्रुप के डायरेक्टर संजय रहेजा ने बताया कि कोई भी व्यक्ति सुबह 10 से शाम 6 बजे तक रहेजा निर्वाणा-2 पहुंचकर पौधारोपण कर शहर की हरियाली बढ़ाने में अपना सहयोग दे सकता है। आपके रोपे पौधों का ख्याल रहेजा ग्रुप व अष्टविनायक परिवार रखेगा।

भविष्य में यह इलाका शहरवासियों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण साबित होगा। इसे देखते हुए यहां पर्यावरण संबंधी कई कार्यक्रम व योजनाएं बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। इस दौरान प्रोजेक्ट में विजिट करने वाले सभी परिवार भी पौधे लगा सकेंगे। तीन दिन में लगभग 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस संबंध में अष्टविनायक रियल्टीज के सीएमडी संतोष लोहाना ने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग के दौर में जब देश 48 डिग्री के ऊपर तप रहा हो तो हरियाली बनाए रखने के लिए हर किसी को जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

ASHTVINAYAKA REALTIES

- तीन दिवसीय पौधारोपण कार्यक्रम में 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य

## बीपीसीएल ने भारतीय ओलंपिक संघ के साथ की साझेदारी




**मुंबई।** भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड एक महारत्न और फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनी है जिसने पेरिस ओलंपिक-2024 से लेकर लॉस एंजिल्स ओलंपिक-28 तक चार साल के लिए आधिकारिक प्रमुख भागीदार के रूप में भारतीय ओलंपिक संघ के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की।

यह चार वर्षीय साझेदारी भारतीय एथलीटों के दृढ़ संकल्प और दृढ़ता का समर्थन करती है तथा उनका सम्मान करती है, इस साझेदारी के तहत बीपीसीएल, पेरिस जाने वाले भारतीय दल को प्रोत्साहित करने और उसे आगे बढ़ाने के लिए कई अभियान शुरू करेगा। इन पहलों का उद्देश्य राष्ट्र को गर्वित करना, हमारे एथलीटों के लिए समर्थन जुटाना और वैश्विक मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनके अथक प्रयास का उत्सव मनाना है। बीपीसीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जी. कृष्णकुमार ने कहा कि हमारा समर्थन खिलाड़ियों को आत्मविश्वास प्रदान करता है। हम भारतीय ओलंपिक संघ के साथ साझेदारी करके बेहद खुश हैं और हमें ऐसे चैंपियनों के साथ जुड़कर बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है, जो सर्वोच्च प्रदर्शन और तीव्र जुनून के प्रतीक हैं तथा जिन्होंने अपनी अद्भुत उपलब्धियों से दुनिया को चकित कर दिया है।

- खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम

**Public Works Department**
**Office of The Superintanding Engineer, Pwd,**
**Raipur Circle No.-1, Raipur. (C.G.)**

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**
**(1st Call)**

No. 02/Raipur/2024-25 Raipur, Dated. 01.07.2024

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work
भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के तहत् विकासखंड तिल्दा-नेवरा, जिला रायपुर में मल्टीपरपस हॉल निर्माण का प्रस्ताव बाबत्।
Situated at Raipur
Probable cost of project Rs. 750.00 Lakh.
Minimum eligibility for participants shall be as below :-

| S. N. | Building project cost | The applicant firms, firms forming Joint venture/consortium shall be | Earnest money (In shape as per annexure I) Favor of Executive Engineer, PWD Vidhansabha Division. Raipur |
|---|---|---|---|
| 1 | For project cost Between 1 to 10 Crore | Empanelled as architect in Class "D" & Above Class in C.G. PWD. | Rs. 3,000=00 |

**General condition:** All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated 22.07.2024 by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.

The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/pwdraipur & http://cgstate.gov.in/ from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG.PWD.

**Superintending Engineer**
**Public Works Department**
**Raipur Circle No.-1 Raipur**

G-242500792/2

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय, मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

| स. क्र. | कार्य का नाम | निविदा सूचना क्र./ सिस्टम निविदा क्र./ दिनांक | अनुमानित लागत | निविदाकार की योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | धमतरी जिले के विकासखंड धमतरी की महानदी परियोजना अंतर्गत महानदी मुख्य नहर के आर.डी. 390 मी. से 10000 मी. तक लाईनिंग एवं मरम्मत कार्य । | 03/ व.ले.लि. / 2024-25/ 155167 दिनांक 25.06.2024 (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 453.48 लाख | PWD से पंजीकृत "बी" वर्ग एवं उससे ऊपर श्रेणी के ठेकेदार |
| 2 | महानदी मुख्य नहर के वितरक शाखा क्र. 4 के आर.डी. 0 मी. से 6000 मी. तक तथा चोरभट्टी माईनर का लाईनिंग कार्य । | 04/व.ले.लि. / 2024-25/155168 दिनांक 25.06.2024 (पंचम आमंत्रण) | रू. 261.14 लाख | PWD से पंजीकृत "बी" वर्ग एवं उससे ऊपर श्रेणी के ठेकेदार |

Date-Time Detail(s)
(Tender Time Schedule)

1. Bid Start Date and time: 02.07.2024, 17:31 Hours
(The date and time from which bidders start preparation)
Submission of their bid response, before this bidder's action will not be allowed)
2. Bid Due Date and time: 12.07.2024, 17:30 Hours
(The last date & time for submission of bid response, after which no bids can be submitted.)
3. Bid Open Start Date and time: 15.07.2024, 11:30 Hours.
(The Date of opening of Envelope - A & B online)

The bids of the contractors have to be digitally signed by the Digital Certificate of the contractor before submitting the bids online.

Any clarification/doubts regarding the process of eProcurement System (EPS) may be obtained from EPS Help Desk Toll free 18002582502 or on email helpdesk.eproc@cgswan.gov.in.

All the contractors are required to submit Envelope 'A' online only.

Physical submission of Envelope 'A' shall only be done by the tenderer whose financial bid is found the lowest in the manner described in para 2.1.5 (A)

**कार्यपालन अभियंता**
**म.ज.प. बांध संभाग क्र. 2, रुद्री**
**कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

G- 242500774/3

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कोण्डागांव जिला - कोण्डागांव (छ.ग.)**
(Phone no. 07786- 296071, Email id-eekon-phe-cg@gov.in)

नि.सू.क्र. 02 / व.ले.लि. / का.अ. / लो.स्वा.यां. / खण्ड / 2024
कोण्डागांव, दिनॉक 01.07.2024

**मैन्युअल पद्धति निविदा सूचना**

छत्तीसगढ़ की राज्यपाल की ओर से जिला कोण्डागांव में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित कार्य हेतु मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

| समूह क्र. | कार्य का नाम | कार्य की कुल अनुमानित लागत ( रू. लाख में) | आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 से 05 तक | कोण्डागांव जिले के विकासखण्ड कोण्डागांव माकड़ी, केशकाल, फरसगांव एवं बड़ेराजपुर में निक्षेप मद के तहत (जिला खनिज संस्थान न्यास योजनान्तर्गत) ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था हेतु 150 मि.मि. व्यास के मय सामग्री सहित 90 मीटर गहरे 40 नग नलकूपों का खनन कार्य कर हैण्डपंप का अधीस्थापन कर प्लेट फार्म का निर्माण कार्य । | 54.40 | 25.07.2024 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी दिनांक 25.07.2024 तक कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कोण्डागांव (छ.ग.)**

G-242500807/2

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/डॉ.भी.अ.चि./क्रय/10625 रायपुर दिनांक 3/7/2024

**"द्वितीय निविदा सूचना"**

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के रोगियों, परिजनों चिकित्सकों, कर्मचारियों के उपयोग हेतु कॉफी कार्नर के अनुभवी संचालकों से 02 वर्ष की अवधि के संचालन हेतु द्वितीय निविदा आमंत्रित की जा रही है।

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर 1000.00 रुपये नगद जमा कर कार्यालयीन दिवस में शाम 5.30 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र शर्ते एवं नियम प्रपत्र कार्यालयीन समय सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक प्राप्त की जा सकती हैं। जो किसी भी दशा में वापसी योग्य नही होगा।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 23/07/2024 शाम 5.00 बजे तक
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 29/07/2024 शाम 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि - 30/07/2024 दोपहर 01:00 बजे

सीलबंद निविदाएं, अधीक्षक डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर छ. ग. के नाम से रजिस्टर्ड पोस्ट (ए.डी.) / स्पीड पोस्ट / कोरियर से कार्यालय में अंतिम तिथि तक पहुंच जाने चाहिए। समय पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा, वह स्वयमेव निरस्त मानी जावेगी। लिफाफे के ऊपर विषय "कॉफी कार्नर निविदा" अनिवार्य रुप से लिखा होना चाहिए।

**संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय**
**रायपुर (छ. ग.)**

G-242500834/3

**कार्यालय वनमंडलाधिकारी, कोंडागांव वनमंडल, कोंडागाव जिला-कोंडागांव (छ.ग.)**
Tel. / Fax: 07786-242303 E-mail: southfedkgn@yahoo.co.in

**// निविदा सूचना //**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि वनमंडलाधिकारी, कोण्डागांव वनमण्डल कोण्डागांव द्वारा कांकेर वन वृत्त के समस्त वनमण्डलों के विदोहन वर्ष 2024-25 के कूप विदोहन कार्य में उपयोग होने वाले विदोहन सामग्री / भंडार सामग्री (आरा, कनाशी व पॉवर चैन सॉ एवं अन्य सामग्री) क्रय के लिये वृत्त स्तरीय निविदा आमंत्रित की जाती है। जिस हेतु विस्तृत प्रपत्र एवं आवश्यक शर्ते अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन समय पर प्राप्त कर सकते है ।

**निविदा विवरण :-**

1. निविदा शुल्क 1000/- (एक हजार ) डिमांड ड्राफ्ट जो वनमंडलाधिकारी, कोंडागांव वनमंडल कोंडागांव के नाम से देय को जमा कर कार्यालयीन समय पर निविदा फार्म प्राप्त कर सकते है ।

| विवरण | प्रथम निविदा | द्वितीय निविदा (प्रथम निविदा निरस्त/ असफल होने पर | तृतीय निविदा (द्वितीय निविदा निरस्त/ निविदा असफल होने पर) | समय | कार्यालय का नाम जहां निविदा फार्म प्राप्ति / जमा व खोलने की कार्यवाही की जावेगी |
|---|---|---|---|---|---|
| निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि | 30.07.2024 | 20.08.2024 | 02.09.2024 | सायं 5.00 बजे | वनमण्डल कार्यालय कोण्डागांव वनमण्डल कोण्डागांव |
| निविदा फार्म जमा करने अंतिम तिथि | 31.07.2024 | 21.08.2024 | 03.09.2024 | दोपहर 1.30 बजे | |
| निविदा खुलने की तिथि | 31.07.2024 | 21.08.2024 | 03.09.2024 | दोपहर 3.00 बजे | |

**वनमंडलाधिकारी**
**कोंडागांव वनमंडल कोंडागांव**
**जिला-कोंडागांव**

G- 242500829/1

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 19.07.2024 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसकी जानकारी निम्नानुसार हैः-

| स. क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम निविदा क्र. / निविदा सूचना क्र. एवं दिनांक | अनुमानित लागत राशि (रु.लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | महासमुंद जिले के विकासखण्ड महासमुंद के अंतर्गत कोडार परियोजना के चिंगरौद वितरक मुख्य नहर के आर.डी. 3600 से 4050 मी., आर.डी. 4500 से 5760 मी., आर.डी. 14130 से 14970 एवं आर.डी. 22640 से 24750 मी. साराडीह माईनर नम्बर 01 0 से 1500 भी., बरोन्डा बाजार माईनर नम्बर 01 आर.डी. 0 से 1200 मी. मचेवा माईनर नम्बर 01 आर.डी. 0 से 750 मी. मचेवा माईनर नम्बर 02 आर.डी. 0 से 450 मी., परसकोल माईनर नम्बर 03 आर.डी. 0 से 1260 मी., भलेसर माईनर नम्बर 01 आर.डी. 0 से 1500 मी, भलेसर माईनर नम्बर 02 आर.डी. 0 से 1080 मी., भलेसर माईनर नम्बर 03 आर.डी. 0 से 1170 मी., फाफिंगकला माईनर नम्बर 01 आर.डी. 0 से 600 मी. तक जीर्णोद्धार एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य, 25 नग पक्के कार्यों का जीर्णोद्धार, 10 नग पक्के कार्यों का निर्माण, नहर के सर्विस रोड में आर.डी. 5280 से 14160 मी., आर.डी. 14970 से 20880 मी. तक मुरूम टॉपिंग कार्य एवं 54 नग कुलाबा लगाने का कार्य | 155500/ 03/ वलेलि/2024-25 दि. 02.07.2024 (तृतीय आमंत्रण) | राशि रू. 491.74 लाख |
| 2. | विषयांतर्गत महासमुंद जिले के विकासखण्ड पिथौरा के अंतर्गत सोनासिल्ली जलाशय के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार, मुख्य नहर के आर.डी. 0 मी. से 2100 मीटर तक, सोनासिल्लीपारा माईनर आर.डी. 0 मी. 1140 मीटर, कसहीबाहरा माईनर आर.डी. 0 से 1800 मीटर तक का रिमाडलिंग एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य, मुख्य नहर में 03 नग व्ही.आर.बी., 01 डी.सी. तथा 13 नग आउटलेट एवं सोनासिल्ली माईनर में 01 नग व्ही. आर.बी. कम फॉल, 09 नग आउटलेट, कसहीबाहरा माईनर में 02 नग व्ही.आर.बी. कम फॉल और 07 नग आउटलेट का निर्माण कार्य | 155502/ 04/ वलेलि/2024-25 दि. 02.07.2024 (तृतीय आमंत्रण) | राशि रू. 295.07 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 09.07.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोटः** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता,**
**जल संसाधन संभाग, महासमुंद (छ.ग.)**
**कृते मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार,**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

G-242500821/6

**"छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग"**
**धमतरी वनमंडल धमतरी**

**काष्ठागार नीलाम का संक्षिप्त विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि धमतरी वनमंडल धमतरी के अन्तर्गत **नगरी काष्ठागार** में संग्रहित ईमारती काष्ठ, जलाऊ का घोष विक्रय द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा । इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे घोष विक्रय में भाग लेवें । घोष विक्रय की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय/ वन काष्ठागार नगरी से प्राप्त की जा सकती है। कृपया बोली लगाने से पूर्व वनोपज का स्वतः स्थल निरीक्षण कर लेवे ।

नीलाम स्थल का नाम - नगरी काष्ठागार (नीलाम हॉल)
नीलाम दिनांक - 10 जुलाई 2024
नीलाम समय - प्रातः 9.00 बजे से

**नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा**

| प्रजाति | नया वनोपज | | अविक्रित वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | ईमारती (घ.मी.) | बल्ली डेंगरी (नग) | ईमारती (घ.मी.) | बल्ली डेंगरी (नग) | ईमारती (घ.मी.) | बल्ली डेंगरी (नग) |
| सागौन | 4.659 | 226 | 703.019 | 3993 | 707.678 | 4219 |
| साल | 180.730 | - | 1158.523 | 244 | 1339.253 | 244 |
| साजा | 29.698 | - | 86.096 | 212 | 115.794 | 212 |
| बीजा | - | - | 135.524 | - | 135.524 | - |
| तिन्सा | 0.634 | - | 0.279 | - | 0.913 | - |
| शीशम | - | - | 3.460 | - | 3.460 | - |
| हल्दू / मुण्डी / खम्हार | - | - | 80.949 | - | 80.949 | - |
| सलई / मोयन | 0.440 | - | 0.000 | - | 0.440 | - |
| धावड़ा | 111.870 | - | 0.000 | - | 111.870 | - |
| कर्रा / सेन्हा / अन्य | 287.512 | - | 133.223 | 4393 | 420.735 | 4393 |
| योग- | 615.543 | 226 | 2301.073 | 8842 | 2916.616 | 9068 |

टीपः- (1) किसी भी व्यक्ति को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व नीलाम की शर्तो का पालन करने के करार के प्रतीक स्वरूप विक्रय सूचना पर अपना हस्ताक्षर करना होगा तथा प्रत्येक लाट के संबंध में बोली लगाने के पूर्व जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता हो उसके 10% के बराबर राशि या 1000/- (एक हजार) रूपये इसमें से जो भी अधिक हो की बयाने की राशि जमा करना होगा ।
(2) घोष विक्रय हेतु निर्धारित शर्तों के तहत सत्यंकार जमा करने वाला व्यक्ति/ संस्थान, छत्तीसगढ़ काष्ठ नियम 7 के अन्तर्गत प्रदेश के अधीन किसी क्षेत्रीय वनमण्डल में विनिर्माता, व्यवसायी या उपभोक्ता के रूप में पंजीकृत हों, जिसकी छायाप्रति सत्यंकार राशि जमा करते समय अनिवार्य रूप से जमा करावें, शर्त के पालन होने की स्थिति में ही इच्छुक व्यक्ति/ संस्थान ही घोष विक्रय में भाग ले पायेंगे। पंजीकृत नही होने पर उन्हें पंजीयन कार्यवाही वनमण्डल कार्यालय से अनिवार्य रूप से कराना होगा ।
(3) समस्त क्रेताओं को सूचित किया जाता है कि संबंधित फर्म का पूर्ण डाक पता. पेन नम्बर, जी. एस. टी. नम्बर एवं मोबाईल नम्बर ई.एम.डी. कक्ष में सुचारू रूप से कार्य संचालन हेतु अंकित कराना अनिवार्य है।
(4) नीलाम में क्रय किये गये लाटों का विक्रय मूल्य सहित विवरण ई. एम. डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा ।

फोन- 07722-238371
फैक्स- 07722-236137

**वनमंडलाधिकारी**
**धमतरी, वनमंडल धमतरी**

G- 242500828/3






**नई दिल्ली।** हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद टी-20 वर्ल्डकप चैंपियन भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत सहित अधिकांश खिलाड़ियों ने डांसरों के साथ भांगड़ा डांस किया। इस दौरान तैनात सुरक्षाकर्मियों के चेहरों पर भी मुस्कान थी। लंबी यात्रा की थकान के बावजूद खिलाड़ियों ने उन सभी से हाथ मिलाया जो उनसे मिलना चाहते थे। खिलाड़ी ट्रॉफी के आकार का केक काटने के बाद अपने कमरों में चले गए।

# स्वदेश पहुंचने पर भारतीय खिलाड़ियों ने किया डांस, प्रधानमंत्री मोदी के साथ लगाए ठहाके

### पीएम की गोद में अंगद बुमराह



भारत के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पीएम मोदी के साथ मुलाकात की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। दिल को छू लेने वाली तस्वीर में पीएम मोदी ने बुमराह, संजना और उनके बेटे अंगद के साथ पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं, बगल में बुमराह और उनकी पत्नी संजना दिखाई दे रही हैं। बुमराह ने लिखा कि पीएम से मिलना गर्व की बात है। बुमराह ने लिखा कि पीएम आवास पर बुलाने और आवभगत करने के लिए धन्यवाद।



### मोदी को भेंट की नमो जर्सी

पीएम मोदी को भारतीय टीम की ओर से नमो जर्सी भी तोहफे के तौर पर दी गई। बीसीसीआई सचिव जय शाह और बोर्ड अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने यह जर्सी प्रधानमंत्री को भेंट की।

## खबर संक्षेप



### राजावत ने गेम्के को रौंदा आयुष और शंकर बाहर

**कैलगेरी।** उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने यहां कनाडा ओपन के पुरुष एकल के पहले दौर में अपने से बेहतर रैंकिंग वाले डेनमार्क के रासमुस गेम्के को हराया। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने बुधवार रात आठवें वरीय गेम्के को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में एक घंटे और 10 मिनट में 17-21, 21-16, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। राजावत अब पुरुष एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बचे हैं। वह अगले दौर में जापान के ताकुमा ओबायाशी से भिड़ेंगे। पुरुष एकल में हिस्सा ले रहे दो अन्य भारतीयों आयुष शेट्टी और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम को हार का सामना करना पड़ा।

# जोकोविच संघर्ष कर जीते, पेगुला उलटफेर की शिकार, हटीं आर्यना

**विंबलडन : फर्नले को चार सेट में 6-3, 6-4, 5-7, 7-5 से हराया**

एजेंसी ▶▶| लंदन

ऑल इंग्लैंड क्लब में सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को गुरुवार को यहां विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जीत दर्ज करने के लिए पसीना बहाना पड़ा। महिला वर्ग में पांचवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को बाहर का रास्ता देखना पड़ा।

जोकोविच ने सेंटर कोर्ट पर खेले गए मैच में स्कॉटलैंड के 22 वर्षीय खिलाड़ी जैकब फर्नले को चार सेट में 6-3, 6-4, 5-7, 7-5 से हराया। फर्नले को टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला था। पेगुला हारने वाली सर्वोच्च वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी बन गईं। इस अमेरिकी खिलाड़ी को वांग ज़िन्यू ने 6-4, 6-7 (7), 6-1 से हराया। वांग की यह शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी पर पहली जीत है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दो बार की चैंपियन आर्यना सबालेंका को विंबलडन में तीसरी वरीयता दी गई थी लेकिन उन्होंने कंधे की चोट के कारण पहले दौर से पूर्व ही टूर्नामेंट से हटने का फैसला कर दिया था।




### बोपन्ना-एब्डेन की शानदार जीत

भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने यहां रोबिन हास और सैंडर एरेंड्स की जोड़ी पर आसान जीत के साथ विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। बोपन्ना और एब्डेन ने बारिश से बाधित पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे 11 मिनट में नीदरलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वियों को 7-5, 6-4 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी दूसरे दौर में हेंड्रिक जेबेंस और कॉन्सटेंटिन फ्रेंटजन की जर्मनी की जोड़ी से भिड़ेगी।

### भांबरी-ओलिवेटी दूसरे दौर में पहुंचे

भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी ने गुरुवार को यहां पुरुष युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश किया जबकि ओलंपिक दल के सदस्य एन श्रीराम बालाजी और ल्यूक जॉनसन की जोड़ी विंबलडन से बाहर हो गई। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने कजाखस्तान के एलेक्जेंडर बुबलिक और एलेक्जेंडर श्वेचेंको की जोड़ी को 58 मिनट में 6-4, 6-4 से पराजित किया। बालाजी और जॉनसन को पहले दौर में सर्बिया के मेट पाविक और अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो की चौथी वरीय जोड़ी से 4-6 5-7 से हार का सामना करना पड़ा।

# रोहित को 15 साल में पहली बार इतना भावुक होते देखा : कोहली



एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने गुरुवार को यहां टीम के सम्मान समारोह के दौरान वानखेड़े स्टेडियम में खचाखच भरे दर्शकों के सामने खुलासा किया कि उन्होंने 15 साल में कभी भी भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को इतना भावुक होते नहीं देखा था जिन्होंने टी20 विश्व कप जीत के बाद डबडबायी आंखों से उन्हें गले लगा लिया था।

कोहली ने खुली बस में यादगार 'विक्ट्री परेड' के बाद आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कहा, '15 साल में यह पहली बार है जब मैंने रोहित को इतना भावुक होते देखा है। जब हम (केनसिंग्टन ओवल में) सीढ़ियां चढ़ रहे थे तो वह रो रहे थे और मैं भी रो रहा था।' 2011 में वह टीम के सबसे कम उम्र के सदस्य थे, उन्होंने सचिन तेंदुलकर, हरभजन सिंह और युवराज सिंह को भावुक होते हुए देखा था और शायद उन्हें इनका भावनात्मक होना समझ में नहीं आया। लेकिन अब वह इसे अच्छी तरह समझ सकते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं उस रात (2011 विश्व कप जीतने के बाद) सीनियर खिलाड़ियों की भावनाओं को समझ नहीं पाया था जब वे रोने लगे थे लेकिन अब मैं इन्हें समझ सकता हूं।'

**पेरिस ओलंपिक**

# भारतीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे नीरज




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मौजूदा चैंपियन नीरज चोपड़ा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भारत की 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे।

टोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने वाले और मौजूदा विश्व चैंपियन चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक की तैयारी के सिलसिले में डायमंड लीग के अंतिम चरण में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। भारतीय एथलेटिक्स टीम में 17 पुरुष और 11 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। चोपड़ा के अलावा इनमें एशियाई खेलों के चैंपियन अविनाश साबले, तेजिंदरपाल सिंह तूर और बाधा दौड़ के धावक ज्योति याराजी जैसे अन्य प्रमुख खिलाड़ी भी शामिल हैं। पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम में मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब और राजेश रमेश शामिल हैं। इस टीम ने हाल में विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका की टीम को पीछे छोड़कर सनसनी मचा दी थी। पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड की स्पर्धाएं एक अगस्त से 11 अगस्त तक आयोजित की जाएगी।

### भारतीय एथलेटिक्स टीम

**पुरुषः** अविनाश साबले (3,000 मीटर स्टीपलचेज), नीरज चोपड़ा, किशोर कुमार जेना (भाला फेंक), तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), प्रवीण चित्रवेल, अबुल्ला अबूबकर (ट्रिपल जंप), अक्षदीप सिंह, विकास सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट (20 किमी पैदल चाल), मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब, संतोष तमिलारासन, राजेश रमेश (4x400 मीटर रिले), मिजो चाको कुरियन (4x400 मीटर रिले), सूरज पंवार (पैदल चाल मिश्रित मैराथन), सर्वेश अनिल कुशारे (ऊंची कूद)।

**महिलाः** किरण पहल (400 मीटर), पारुल चौधरी (3,000 मीटर स्टीपलचेज और 5,000 मीटर), ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), अन्नू रानी (भाला फेंक), आभा खटुआ (शॉट पुट), ज्योतिका श्री दांडी, सुभा वेंकटेशन, विथ्या रामराज, पूवम्मा एमआर (4x400 मीटर रिले), प्राची (4x400 मीटर), प्रियंका गोस्वामी (20 किमी पैदल चाल)।

### डोप जांच में विफल रही धाविका दीपांशी निलंबित

**नई दिल्ली।** नाडा ने हाल में राष्ट्रीय अतंर राज्यीय चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली भारत की शीर्ष महिला 400 मीटर धाविका दीपांशी को डोप जांच में विफल होने के कारण निलंबित किया। दीपांशी (21 साल) ने शुक्रवार को पंचकुला में महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में किरण पहल (50.92 सेकंड) के बाद 52.01 सेकंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया था। टूर्नामेंट के दौरान लिए गए डोप नमूने में 'एनाबोलिक स्टेरायड' मिला है। ये नमूने 27 जून को (हीट रेस के बाद या सेमीफाइनल में) लिए गए।

JHAIGO झाईगो Cream
चेहरे के दागों को कम कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे है?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान है? या जले या चोट के निशान है?
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाईं, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Makeover
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेंट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553

उपलब्ध विशेषताएं
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

वात रोग, स्त्री रोग, किडनी रोग
श्रीधर औषधालय एवं पंचकर्म केन्द्र
76470-97309, 98279-66617

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133




## पिछली भाजपा सरकार ने भी बंद कराए थे, कांग्रेस सरकार ने फिर शुरू कराया था

# एमपी में परिवहन चेक पोस्ट खत्म छत्तीसगढ़ में उम्मीद कर रहे ट्रांसपोर्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पड़ोसी मध्यप्रदेश में पिछले चार दिनों से परिवहन चेक पोस्ट खत्म कर दिए गए हैं। वहां से आ रही खबरों के मुताबिक अब वाहन चालकों खासकर मालवाहकों की राह आसान हो गई है, उन्हें अब बेरोकटोक आवाजाही करने का अवसर मिल गया है, लेकिन बड़ा सवाल ये है कि छत्तीसगढ़ में परिवहन के चेक पोस्ट कब बंद होंगे। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ये चेक पोस्ट शुरू किए गए थे, लेकिन उससे पहले राज्य की भाजपा सरकार ने इसे पूरी तरह बंद कर दिया था। अब ट्रांसपोर्ट से जुड़े लोगों को उम्मीद है कि छत्तीसगढ़ में भी परिवहन विभाग की ये नाकेबंदी खत्म कर दी जाएगी।

मप्र की भाजपा नेतृत्व वाली डॉ. मोहन यादव सरकार ने चार दिन पहले एक आदेश जारी कर परिवहन चेक पोस्ट बंद करवा दिए हैं। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट के प्रतिनिधियों ने सरकार के इस फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए स्वागत किया है। उनका कहना है कि इस फैसले से लॉजिस्टिक का काम सरल हो जाएगा और ट्रांजिट समय भी कम होगा। यही नहीं, परिवहनकर्ताओं के लिए परिचालन लागत कम होगी। इससे परिवहनकर्ताओं और उपभोक्ताओं को लाभ होगा। यह स्थिति फिलहाल छत्तीसगढ़ के लिए नजर नहीं आ रही है।




### छत्तीसगढ़ में भी बंद हो चेक पोस्ट

बस्तर-कोरपुट परिवहन संघ के अध्यक्ष और ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सुखदेव सिंह सिद्धू का कहना है कि छत्तीसगढ़ में भी परिवहन चेकपोस्ट बंद होने चाहिए। इसके लिए ऑल इंडिय मोटर ट्रांसपोर्ट की एक बैठक 9 तारीख को पांडिचेरी में रखी गई है, जिसमें प्रमुख मुद्दा यही होगा। सुखदेव सिद्धू ने बताया कि कल ही उन्होंने दिल्ली में इस संबंध में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर बात की थी। उन्होंने कहा है कि 12 राज्य को पत्र लिखकर चेकपोस्ट बंद करने कहा है, कुछ राज्यों में बंद भी हो गए है। श्री सिद्धू ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर परिवहन चेकपोस्ट बंद करने की मांग की जाएगी।

### अभी चल रहे हैं 16 चेकपोस्ट

छत्तीसगढ़ में वर्तमान में 16 चेकपोस्ट चल रहे हैं। ये सभी नाके छत्तीसगढ़ से जुड़ने वाले सीमावर्ती राज्यों की बार्डर पर हैं। इनमें पाटेकोहरा छग-महाराष्ट्र, राजनांदगांव, छोटा मानपुर छग-मध्यप्रदेश, राजनांदगांव, मानपुर छग-महाराष्ट्र, राजनांदगांव, चिल्फी छग-मध्यप्रदेश, कवर्धा, खम्हारपाली छग-उड़ीसा, महासमुंद, बागबाहरा छग-उड़ीसा, महासमुंद, केंवची छग-मध्यप्रदेश, गौरेला -पेंड्रा-मरवाही, धनवार छग-उत्तरप्रदेश, बलरामपुर रामानुजगंज छग-झारखंड, बलरामपुर, घुटरीटोला छग-मध्यप्रदेश, कोरिया, चांटी छग-मध्यप्रदेश, कोरिया, रेंगारपाली छग-उड़ीसा, रायगढ़, शंख छग-झारखंड, जशपुर, लावाकेरा छग-उड़ीसा, जशपुर,कोन्टा छग-आन्ध्रप्रदेश सुकमा, धनपूंजी छग-उड़ीसा जगदलपुर में स्थित हैं।

### कांग्रेस सरकार ने करवाया था शुरू

छत्तीसगढ़ में पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में परिवहन चेकपोस्ट शुरू किए गए थे। उस समय सरकार की दलील थी कि ये नक्सल प्रभावित राज्य है और सुरक्षा की दृष्टि से भी दूसरे राज्यों से आने वाले वाहनों की जांच पड़ताल जरूरी है। परिवहन चेक पोस्ट शुरू होने से सरकार को 200-250 करोड़ रुपए का वार्षिक राजस्व मिल रहा था। इससे पहले भाजपा नेतृत्व वाली रमन सिंह सरकार के तीसरे और आखिरी कार्यकाल में परिवहन चेक पोस्ट बंद करवा दिए गए थे। उस समय की सरकार ने राजस्व का घाटा मंजूर किया था, लेकिन जांच की आड़ में अवैध वसूली बंद करना भी इसका उद्देश्य था।

# एसडीएम ने थाने के अंदर कांग्रेस नेताओं को पीटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

सूरजपुर जिले में गुरुवार को एसडीएम ने कांग्रेस नेताओं और पत्रकार के साथ मारपीट की। एसडीएम जगरनाथ वर्मा ने बात करने के बहाने कांग्रेस नेताओं को कोतवाली थाने में बुलाया और खुद ही उनकी डंडे और लात जूते से पिटाई करनी शुरू कर दी। इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे पत्रकार ने जब घटना का वीडियो बनाया तो एसडीएम ने पुलिसकर्मियों से पत्रकार को भी पकड़वा लिया। इस दौरान युवक बताता रहा कि वह पत्रकार व हृदय रोग का मरीज है लेकिन एसडीएम ने मोबाइल फोन छीन लिया और डंडे और लात से जमकर पिटाई कर दी। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश भड़क उठा।

- मारपीट का वीडियो बना रहे पत्रकार की भी पिटाई

### टूटा मोबाइल लौटाया

*घटना के दौरान एसडीएम द्वारा लूटे गए मोबाइल फोन को देर शाम वापस लौटाया गया लेकिन मोबाइल फोन को पूरी तरह से तोड़ दिया गया है और संभावना है कि तोड़ने से पहले उसके अंदर मौजूद डाटा को भी डिलीट कर दिया गया है लेकिन पत्रकार के साथ हुई घटना का वीडियो वायरल हो गया।*

### पुलिस बल तैनात

*घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रशासनिक महकमें में हड़कंप मच गया। घटना के बाद दूसरे जिलों से भी पुलिस बल को बुलाया गया और कलेक्टर, एसपी कार्यालय कोतवाली में पुलिस बल को तैनात किया गया।*

### की जाएगी कार्रवाई

प्रथम दृष्टया एसडीएम की गलती सामने आई है। इस मामले में अपर कलेक्टर से रिपोर्ट मांगी गई है। जांच रिपोर्ट के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**-रोहित व्यास,** कलेक्टर सूरजपुर

# सूअर के शिकार की 51,200 साल पुरानी पेंटिंग मिली




**लंदन।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर एक गुफा की छत पर सुअर के शिकार की प्राचीन पेंटिंग मिली है। यह पत्थरों पर बनाई गई 51,200 साल पुरानी पेंटिंग है। यह गुफा लाइमस्टोन से बनी है। इस प्राचीन कलाकृति में इंसानों की आकृतियां बनी हैं, जो घेर कर सूअर का शिकार कर रहे हैं। यह दुनिया की सबसे पुरानी गुफा कलाकृति है। यह पेंटिंग दक्षिण सुलावेसी प्रांत के मारोस-पांगकेप इलाके के लीयांग करमपुआंग गुफा में है। अब वैज्ञानिक इन प्राचीन कलाकृतियों की उम्र पता करने के लिए कैल्सियम कार्बोनेट क्रिस्टल की मदद लेते हैं। ऑस्ट्रेलिया की ग्रिफिथ यूनिवर्सिटी के आर्कियोलॉजिस्ट मैक्सिम ऑबर्ट ने कहा कि नई तकनीक ज्यादा बेहतर उम्र बाताती है। इस पेंटिंग में 36 इंच लंबा और 15 इंच चौड़ा सूअर बना है। जिसके आसपास तीन छोटे-छोटे इंसानी कलाकृतियां बनी हैं। ये पेंटिंग लाल रंग के इस्तेमाल से बनाई गई है। इस गुफा में और भी सुअरों की तस्वीरें हैं।

# समुद्र की गहराई में लगा है बिस्तर लाखों रुपए कीमत देकर सोते हैं लोग

दुनियाभर में ज्यादातर लोगों को समंदर का पानी बहुत पसंद आता है। वे समुद्री किनारों पर जाकर उसकी लहरों का आनंद लेते हैं, तो कई बार पानी में डुबकी भी लगाते हैं। कुछ लोग तो ऐसे हैं, जो समुद्री पानी के अंदर जाकर उसमें बसने वाले जीवों को करीब से देखने का शौक रखते हैं। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जिन्हें समुद्री जीवों को देखना तो पसंद है, लेकिन वो पानी के अंदर जाने से डरते हैं।




एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

ऐसे लोगों के लिए समुद्र की गहराई में एक आलीशान होटल बना दिया गया है, जिसमें जाकर वो अपने हर शौक को पूरा कर सकते हैं। इस होटल में शीशे की दीवारें, दरवाजे लगे हुए हैं। इन शीशों के आर-पार सबकुछ दिखाई देता है। यहां तक कि नहाने से लेकर सोने के दौरान भी अंडरवाटर होटल के आसपास कई जीव तैरते हुए नजर आ जाते हैं। इंस्टाग्राम पर इस वीडियो को कारा और नाटे ने शेयर किया है, जो एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं। उनके इस वीडियो में देखा जा सकता है कि वे लोग पानी की गहराई में इशारा करके दिखला रहे हैं कि कैसे समुद्र के नीचे एक होटल बना हुआ है। इस होटल को वो सबसे महंगा अंडरवाटर होटल करार दे रहे हैं। आस-पास में भी कुछ समुद्री पानी के ऊपर में होटल के कमरे बने हैं, लेकिन पानी के अंदर वाले कमरे में जाने के लिए लिफ्ट लगी हुई है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि वे लिफ्ट के जरिए समुद्र की गहराई में बने होटल में जाते हैं। नेट बतलाते हैं कि इसके अंदर जाना वाकई में अद्भुत है। ऐसा बिल्कुल नहीं लगेगा कि आपका पैसा ज्यादा खर्च हो गया।

### नहाते हुए देखते हैं विविध समुद्री जीव

नेट लिफ्ट से नीचे जाते हुए कहते हैं कि आप जैसे ही लिफ्ट में जाएंगे आपका स्वागत मछलियां करेंगी। फिर लिफ्ट से बाहर आते ही गलियारे से होते हुए आप अपने कमरे की ओर जा सकते हैं। डबल बेड वाले इस कमरे के चारों ओर पारदर्शी शीशे लगे हुए हैं, जिसके ऊपर मछलियां तैरती हुई नजर आ जाएंगी। एक एरिया ऐसा है, जिसे देखने के बाद ऐसा महसूस होगा कि आप सबमरीन चला रहे हों। नेट अपने कैमरे के साथ आगे बढ़ते हैं, जहां पर उन्हें कारा मिलती हैं। कारा और नेट मिलकर बाथरूम की झलक दिखलाते हैं। वो ऐसी जगह पर बना है, जहां से नहाते हुए भी आप समुद्री जीवों को देखने का आनंद ले सकते हैं।

# वो सबसे खतरनाक आइलैंड, जो है जहरीले सांपों का बसेरा

**न्यूयार्क।** सांप के बारे में सोचते ही आपके दिमाग में एक ऐसे जीव की तस्वीर बनती है, जो खतरनाक भी है और फुर्ती से खतरे से बच भी सकता है। हालांकि, आमतौर पर हम सांपों को ज़मीन पर ही रेंगते हुए देखते हैं। एक ही सांप को देख लें तो हमारे रोंगटे खड़े हो जाते हैं, ज़रा उस आइलैंड की कल्पना कीजिए जहां हज़ारों की संख्या में इतने विषैले सांप हों कि अपने ज़हर से वो आपके मांस तक को पिघला दें! आज हम आपको एक ऐसे ही द्वीप के बारे में बताएंगे, जहां दुनिया के सबसे ज़हरीले सांप हज़ारों की संख्या में रहते हैं। एल्हा दा क्विमादा ग्रैंड नाम का आइलैंड है, जहां अलग ही किस्म के सांप पाए जाते हैं। इस द्वीप पर जाने की किसी की हिम्मत नहीं है, क्योंकि ये सांप नहीं साक्षात यमराज के दूत हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक एल्हा दा क्विमादा ग्रैंड को स्नेक आइलैंड कहा जाता है।









# जिंदगी में पहली बार खाई चॉकलेट मम्मियों ने दिया अजीब रिएक्शन

**लंदन।** दुनियाभर में लोग चॉकलेट को खूब पसंद करते हैं। अलग-अलग टेस्ट में ये चॉकलेट्स उपलब्ध होते हैं। बच्चों से लेकर बड़े तक, इन चॉकलेट्स को जमकर खाते हैं। लेकिन क्या आपने किसी ऐसी जगह या देश के बारे में सुना है, जहां कि महिलाओं और बच्चों ने कभी चॉकलेट ही नहीं खाया हो? यकीनन, नहीं सुना होगा, ऐसे में बता दें कि हाल ही में सूडान की महिलाओं और बच्चों का पहली बार चॉकलेट खाने का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इन बच्चों के साथ-साथ उनकी मम्मियों का रिएक्शन बेहद अजीब था। वीडियो देखकर आपको हैरानी होगी।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com